https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

दैनिक हिंदी अखबार

सच बेधड़क

Scan to Subscribe

वर्ष: 5 । अंक: 339 जयपुर, गुरुवार, 19 नवंबर, 2026 । कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष-नवमी, विसं 2083 पृष्ठ: 12 । मूल्य: 3.00



आवाज बेधड़क @ पेज 6


IAS शिखर अग्रवाल के खिलाफ ACB ने दर्ज की FIR... गोयल फैशंस के निदेशक और एमडी भी नामजद

शिखर पर ACB का शिकंजा... 64 विला की खरीद जांच के घेरे में

बेधड़क । जयपुर

एपीओ चल रहे वरिष्ठ IAS अधिकारी शिखर अग्रवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक षड्यंत्र के आरोपों में FIR संख्या 0323/2026 दर्ज कर ली है। इस FIR में अब तक सामने आए 40 विला के अलावा जयपुर के 24 और विला की खरीद का भी खुलासा हुआ है। यानी उदयपुर, अलवर और जयपुर की तीन अलग-अलग परियोजनाओं में शिखर अग्रवाल और उनके परिवार से जुड़ी कुल 64 विला संपत्तियां जांच के दायरे में आ गई हैं। FIR में गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मुकुंद शरण गोयल और प्रबंध निदेशक संजय गोयल को भी आरोपी बनाया गया है। ACB की प्रारंभिक जांच में आरोप है कि शिखर अग्रवाल और उनके परिवार के सदस्यों ने संबंधित रिसॉर्ट परियोजनाओं में विला बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर खरीदे। इसके साथ ही सरकारी पद पर रहते हुए लिए गए फैसलों और निजी कंपनी को मिली सरकारी रियायतों के बीच कथित संबंधों की भी जांच की जा रही है।

उदयपुर-अलवर के 40 विला के बाद जयपुर के 24 विला का भी FIR में खुलासा



जयपुर में 59 लाख का विला 11 लाख में खरीदने का आरोप

FIR में सामने आया सबसे नया तथ्य जयपुर के अनंता रिसॉर्ट में 24 विला की खरीद से जुड़ा है। ACB के अनुसार, 15 अक्टूबर 2026 को शिखर अग्रवाल के पुत्रों के नाम इन विला की रजिस्ट्रियां हुईं। प्रत्येक विला की रजिस्ट्री में कीमत 11 लाख रुपए दर्शाई गई, जबकि रिसॉर्ट की विवरणिका में समान आकार के विला की कीमत 59 लाख रुपए बताई गई थी। इस तरह प्रति विला 48 लाख रुपए का अंतर सामने आता है। 24 विला के हिसाब से यह अंतर 11.52 करोड़ रुपए बैठता है। हालांकि, यह विवरणिका और रजिस्ट्री मूल्य का गणितीय अंतर है। वास्तविक बाजार मूल्य और भुगतान की स्थिति जांच का विषय होगी।

उदयपुर-अलवर में भी खरीद पर सवाल

ACB के अनुसार, 3 अक्टूबर 2023 को उदयपुर के अनंता रिसॉर्ट में शिखर अग्रवाल और उनकी पत्नी के नाम 10-10 विला खरीदे गए थे। प्रत्येक विला की कीमत 15 लाख रुपए दर्शाई गई। खास बात यह रही कि उसी दिन इन संपत्तियों को परपेचुअल लीज डीड के जरिए रेवेन्यू शेयरिंग व्यवस्था के तहत कंपनी को वापस सौंप दिया गया। इसी तरह 27 मार्च 2026 को अलवर जिले के अजबगढ़ स्थित अनंता रिसॉर्ट में परिवार के सदस्यों के नाम 20 विला खरीदे गए। इनकी कीमत 14 लाख से 16.50 लाख रुपए प्रति विला रखी गई। ACB का आरोप है कि ये कीमतें DLC दर से भी करीब 3.50 लाख से 4.50 लाख रुपए कम थीं, जबकि इसी परियोजना में दूसरे खरीदारों को DLC दर से लगभग छह लाख रुपए अधिक कीमत पर विला बेचे गए। ■ पेज 2 भी देखें

एक ही दिन रजिस्ट्री और विशेष पैकेज का आदेश

अलवर के मामले में 27 मार्च 2026 की तारीख भी जांच के केंद्र में है। इसी दिन परिवार के नाम विला की रजिस्ट्रियां हुई और वित्त विभाग ने गोयल फैशंस के लिए कस्टमाइज्ड पैकेज का आदेश भी जारी किया। ACB इस घटनाक्रम को अधिकारी और कंपनी के बीच कथित मिलीभगत के संभावित साक्ष्य के रूप में जांच रही है। ACB अब तीनों परियोजनाओं में विला की वास्तविक कीमत, स्वामित्व और कंपनी को हुए आर्थिक लाभ की पड़ताल करेगी। जांच प्रशांत कौशिक को सौंपी गई है।

जरूरी खबर

पंचायत चुनाव

श्रीगंगानगर, कोटा, बारां और करौली में मतगणना 17 को



जयपुर। राजस्थान में पंचायती राज चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने चार जिलों का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। कोटा, बारां, श्रीगंगानगर और करौली में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना अब 20 नवंबर के बजाय 17 दिसंबर को होगी। मतगणना सुबह 8 बजे जिला मुख्यालयों पर शुरू होगी। आयोग के अनुसार, 22 दिसंबर को जिला प्रमुख, 23 को उप जिला प्रमुख, 24 को प्रधान और 25 दिसंबर को उप प्रधान के चुनाव होंगे। चुनाव वाले दिन सुबह 10 बजे बैठक, 11 बजे तक नामांकन, 11:30 बजे संवीक्षा और दोपहर 1 बजे तक नाम वापसी होगी। मतदान की जरूरत पड़ने पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसके बाद परिणाम घोषित होंगे।

कैबिनेट बैठक में 11 मंत्रालयों के सचिवों ने दिए प्रेजेंटेशन

मोदी हुए भावुक, बोले... देश के युवाओं को बचाना होगा

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में देश में बढ़ती नशे की समस्या पर चर्चा के दौरान भावुक हो गए। उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि देश के युवाओं को हर हाल में नशे के चंगुल से बचाना होगा। उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ मिली सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि जब देश से नक्सलवाद को खत्म किया जा सकता है तो ड्रग्स की समस्या को भी जड़ से मिटाया जा सकता है। करीब साढ़े तीन घंटे चली इस बैठक में सरकार के कामकाज, गरीबी उन्मूलन और आंतरिक सुरक्षा सहित कई अहम मुद्दों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री शामिल हुए। गृह और वित्त मंत्रालय समेत 11 मंत्रालयों एवं विभागों के सचिवों ने विभिन्न विषयों पर प्रेजेंटेशन दिए। इसमें सरकारी योजनाओं की प्रगति, महिलाओं एवं युवाओं तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर चर्चा हुई।

जब नक्सलवाद खत्म हो सकता है तो ड्रग्स का जाल भी जड़ से मिटेगा: प्रधानमंत्री



नई दिल्ली में मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण और अन्य मंत्री।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बुधवार को ब्रिटिश युवराज विलियम और उनकी पत्नी कैथरीन ने मुलाकात की।

2029 तक नशा मुक्त भारत का लक्ष्य

बैठक में नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने पर जोर दिया गया। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 31 दिसंबर 2029 तक ड्रग्स तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाने और नशा मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए केंद्र और राज्य की एजेंसियों को मिलकर काम करने का रोडमैप तैयार किया गया है। इसमें तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में माओवादी हिंसा के खिलाफ मिली सफलता पर भी चर्चा हुई। गृह मंत्रालय ने बताया कि नक्सलवाद के कारण प्रभावित इलाकों में आदिवासी समुदाय शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित था। अब इन क्षेत्रों में विकास योजनाओं को तेजी से पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है।

50 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की सराहना

बैठक में विश्व बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि 2011 से 2023 के बीच भारत में करीब 50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। मंत्रिपरिषद ने जनधन, आवास, नल से जल, आयुष्मान भारत और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं के योगदान पर चर्चा की।

जल शक्ति मंत्री पाटिल से भी की मुलाकात

अमित शाह से मिले सीएम भजनलाल, कानून व्यवस्था और विकास पर हुआ मंथन

बेधड़क । जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की। दोनों केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठकों में राजस्थान के समग्र विकास, कानून व्यवस्था, जल परियोजनाओं और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अमित शाह के साथ बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने, राज्य में विकास कार्यों को गति देने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषय उठाए। उन्होंने केंद्र सरकार के सहयोग से राजस्थान में चल रही विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा की। राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श हुआ।



मुलाकात...

गृह मंत्री अमित शाह को नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर बुधवार को पुष्पगुच्छ भेंट करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

जल आत्मनिर्भरता पर जल शक्ति मंत्री पाटिल से चर्चा



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के साथ मुलाकात में राजस्थान की जल परियोजनाओं की प्रगति, पेयजल उपलब्धता और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से राजस्थान को जल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में चल रही परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर भी जोर दिया गया।

मंत्री शिवराज सिंह के आवास पहुंचकर जताई संवेदना

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी के निधन पर उनके दिल्ली स्थित आवास पहुंचे। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

अमेरिका में राहुल गांधी बोले... भारत आर्थिक संकट की कगार पर

एजेंसी । नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राहुल ने बुधवार को न्यूयॉर्क की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में छात्रों और फैकल्टी से बातचीत के दौरान कहा कि भारत आर्थिक संकट की कगार पर खड़ा है। उन्होंने बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था की खामियों को देश की प्रमुख समस्याएं बताया। राहुल के मुताबिक, युवाओं में निराशा की बड़ी वजह उन्हें भविष्य की संभावनाएं नजर नहीं आना है।

राहुल के बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने तीखा पलटवार किया। बुधवार को पंजाब के जालंधर में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत की छवि खराब करते हैं। वे देश की इकोनॉमी को डिजास्टर बताते हैं, जबकि भारत नहीं, उनकी सोच डिजास्टर है। नवीन ने कहा कि जब देश विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है, तब राहुल को हर तरफ आपदा दिखाई दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल टूलकिट के जरिए अराजकता फैलाना चाहते हैं, लेकिन अपने मकसद में कभी कामयाब नहीं होंगे।





बीजेपी अध्यक्ष का पलटवार... इकोनॉमी नहीं, उनकी सोच डिजास्टर

मस्जिद में घुसकर किया ढेर: आतंकी बोला... सरेंडर नहीं करूंगा, अल्लाह से मिलना है

13 लाख का इनामी आतंकवादी लतीफ ढेर

एजेंसी । श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने बुधवार को मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर मोहम्मद लतीफ भट को मार गिराया। 22 साल का लतीफ 11 नवंबर को नौपोरा अखरान में CRPF पोस्ट पर हुए हमले में शामिल था। इस हमले में तीन जवान घायल हुए थे। सुरक्षाबलों ने उसे देवसर के जांगलपोरा गांव की एक मस्जिद में घेर लिया था। मुठभेड़ से पहले पुलिस और सेना के अधिकारियों ने वीडियो कॉल के जरिए उसे आत्मसमर्पण के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन उसने इनकार कर दिया। उसने कहा, 'मुझे अल्लाह से मुलाकात करना है। बहुत खुश हूं मैं। सरेंडर नहीं करूंगा।' गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन में शामिल सेना, पुलिस, CRPF और खुफिया एजेंसियों की सराहना की। लतीफ पर 15 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह 2025 की शुरुआत में घर से लापता हुआ था। बाद में पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क के जरिए लश्कर में शामिल हुआ।

वीडियो कॉल पर पुलिस अधिकारियों ने समझाया, फिर भी नहीं माना



मोहम्मद लतीफ भट।

दो दिन से थी तलाश, मस्जिद में छिपा मिला

लतीफ अपने साथी उमर निसार डार के साथ CRPF पोस्ट पर हमले के बाद फरार था। 16 नवंबर को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में उमर मारा गया था, जबकि लतीफ घायल होने के बावजूद भाग निकला। इसके बाद से उसकी तलाश जारी थी। बुधवार तड़के खुफिया सूचना पर सेना की 9 राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के SOG ने जांगलपोरा में घेराबंदी की।

मस्जिद से 25 छात्राओं को सुरक्षित निकाला

कार्रवाई से पहले मस्जिद से सटे दारुल उलूम से 25 लड़कियों और दो शिक्षकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने मस्जिद की पवित्रता का ध्यान रखते हुए लतीफ से लंबे समय तक आत्मसमर्पण की अपील की। लेकिन उसके गोलीबारी शुरू करने के बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें वह मारा गया।

ट्रंप, पुतिन और जिनपिंग की मुलाकात



शेनझेन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन APEC समिट के स्वागत डिनर में एक साथ नजर आए। तीनों नेताओं के बीच गुरुवार को महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक प्रस्तावित है। इसमें ईरान युद्ध और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल सहित कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। इस मुलाकात से पहले जिनपिंग ने कूटनीतिक प्रोटोकॉल से हटकर खुद एयरपोर्ट पहुंचकर ट्रंप का स्वागत किया। खास बात यह है कि जिनपिंग पहली बार किसी विदेशी नेता की अगवानी के लिए स्वयं एयरपोर्ट पहुंचे। ■ पेज 8 भी देखें

जरूरी खबर

विधायक सराफ ने सीसी सड़क का किया शिलान्यास



जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 77 के देवनगर में सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। स्थानीय पार्षद प्रेम जैन ने बताया कि प्लॉट नंबर बी-34 के पास स्थित सड़क लंबे समय से क्षतिग्रस्त थी। स्थानीय निवासियों की मांग पर सराफ के प्रयासों से पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क का नवीनीकरण कराया जा रहा है। लोगों ने विधायक सराफ का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान सुरेश लश्करी, डॉ. अंजना जैन सहित अनेक स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

जेजेएम भ्रष्टाचार मामला: सक्सेना को मिली जमानत

जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट ने जेजेएम भ्रष्टाचार मामले में फरवरी से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे पीएचईडी के तत्कालीन अधिशासी अभियंता विशाल सक्सेना को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस शुभा मेहता ने जमानत याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि मामले में तत्कालीन मंत्री महेश जोशी सहित अन्य आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है और आरोप पत्र भी पेश हो चुका है। मुकदमे की सुनवाई पूरी होने में समय लगेगा। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने दलील दी कि सक्सेना पर गणपति ट्यूबवेल फर्म के अनुभव प्रमाण पत्र का गलत सत्यापन करने का आरोप है, लेकिन उनके खिलाफ अवैध राशि लेने का आरोप नहीं है। गौरतलब है कि इस मामले में 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

दो सप्ताह में की जाएगी रेट चेयरमैन की नियुक्ति

जयपुर। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) में छह महीने से खाली चल रहे अध्यक्ष पद पर दो सप्ताह में नियुक्ति होगी। बुधवार को डीओपी सचिव अर्चना सिंह हाई कोर्ट में पेश हुईं और अदालत को नियुक्ति का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष की नियुक्ति की फाइल मुख्यमंत्री के पास प्रक्रियाधीन है। अदालत के निर्देश पर अधिकरण में सदस्य की नियुक्ति भी कर दी गई है और नियमित सुनवाई हो रही है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 21 दिसंबर तय की है। गौरतलब है कि रेट अध्यक्ष विकास सीताराम भाले का 19 मार्च 2026 को तबादला होने के बाद से पद खाली है। फिलहाल पूर्व आईएएस प्रकाश शर्मा को कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन करेंगे उद्घाटन, जुटेंगे देश-विदेश के 2 हजार से अधिक प्रतिनिधि

जयपुर में 4 से 6 दिसंबर तक सजेगा लोक संस्कृति का महाकुंभ

बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगरी में दिसंबर के पहले सप्ताह में लोक संस्कृति, भारतीय परंपराओं और ज्ञान का ऐसा महाकुंभ सजेगा, जहां गांव-ढाणियों की लोकचेतना से लेकर वैश्विक सांस्कृतिक विरासत तक पर मंथन होगा। जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 4 से 6 दिसंबर तक आयोजित होने वाले लोकमंथन-2026 के पांचवें राष्ट्रीय संस्करण का उद्घाटन उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन करेंगे, जबकि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समापन समारोह में शामिल होंगी। तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश के 2 हजार से अधिक चयनित प्रतिभागी जुटेंगे। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, अयोध्या के श्रीहनुमत निवास के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण, आरएसएस के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष हर्ष चौहान और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। बुधवार को पत्रकार वार्ता में प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक एवं लोकमंथन स्वागत समिति के महासचिव जे. नंदकुमार और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आयोजन की जानकारी दी। इस बार 'हम भारत के लोग' थीम पर छह प्रमुख क्षेत्रों में 24 समानांतर सत्र होंगे। लोकशिक्षा, लोकस्वास्थ्य, लोकसंवाद, लोकविज्ञान, लोककला, भारतीय खेल परंपराओं और पारंपरिक मौसम अनुमान जैसे विषयों पर चर्चा होगी। खास बात यह होगी कि लोक परंपराओं के वास्तविक प्रतिनिधि पहले अपने अनुभव साझा करेंगे और फिर विद्वान, वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ एवं नीति निर्माता उनसे संवाद करेंगे।



आयोजन की जानकारी देतीं दीया कुमारी। साथ में हैं जे. नंदकुमार।

विदेशी संस्कृतियों की भी होगी भागीदारी

लोकमंथन में इस बार अंतरराष्ट्रीय सहभागिता आकर्षण का केंद्र रहेगी। रोमा, यजीदी और लातविया सहित विभिन्न देशों और समुदायों के प्रतिनिधि अपनी सांस्कृतिक परंपराओं पर विचार रखेंगे। जे. नंदकुमार ने बताया कि भोपाल से 2016 में शुरू हुई लोकमंथन की यात्रा रांची, गुवाहाटी और हैदराबाद होते हुए जयपुर पहुंची है। दीया कुमारी ने बताया कि राजस्थान में तीन चरणों में करीब 8 हजार किमी की लोकदर्शन यात्रा निकालकर सभी 41 जिलों को जोड़ा गया। लोकगीत, लोकनृत्य, हस्तशिल्प, महिला सम्मेलन और युवा संवाद के जरिए स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिला।

राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की छवि खराब करते हैं, यह सही नहीं: दीया कुमारी

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राहुल गांधी पर विदेश में भारत के खिलाफ बयान देने को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की अंतरराष्ट्रीय मंचों और विदेशी धरती पर जाकर भारत की आलोचना करने की आदत बन गई है। देश में ऐसे कई मंच उपलब्ध हैं, जहां वे अपनी बात रख सकते हैं, लेकिन वे विदेशी मंचों पर जाकर देश के खिलाफ बातें करते हैं। विपक्ष के नेता होने के बावजूद उनका इस तरह का रवैया उचित नहीं है। दीया कुमारी ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कूटनीति के माध्यम से भारत को आगे बढ़ाने और विश्वस्तर पर देश को उच्च सम्मान दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी विदेशों में जाकर भारत की बुराई करते हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के बारे में क्या संदेश जाएगा, यह समझने की जरूरत है। उन्होंने राहुल गांधी के बयानों पर सवाल उठाते हुए कहा कि राजनीतिक विचारधारा और मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की छवि का ध्यान रखना भी जरूरी है।

बुरे फंसे शिखर अग्रवाल, गोयल फैशंस के मालिकों पर भी गिरफ्तारी की तलवार

फैसलों से निवेश पैकेज तक, ACB के रडार पर 20 साल का कार्यकाल

बेधड़क | जयपुर

- गोयल फैशंस को निवेश प्रोत्साहन पैकेज देने में भी अनियमितताओं का आरोप
- 127 विला बिकने के बावजूद 118.50 करोड़ का पात्र निवेश तय करने पर सवाल

एपीओ चल रहे वरिष्ठ आईएएस शिखर अग्रवाल के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) की एफआईआर केवल विला खरीद तक सीमित नहीं है। इसमें वर्ष 2006 से 2026 तक अलग-अलग प्रशासनिक पदों पर रहते हुए उनके द्वारा लिए गए फैसलों को भी जांच के दायरे में लिया गया है। उदयपुर जिला कलेक्टर से लेकर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष और अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान हुए निर्णयों पर सवाल उठाए गए हैं। एसीबी का आरोप है कि सरकारी मंजूरियों में नियमों को शिथिल करने और निवेश प्रोत्साहन पैकेज की प्रक्रिया के जरिए गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाया गया।



उदयपुर में भूमि संपरिवर्तन से शुरू हुई कहानी

ACB के अनुसार वर्ष 2006 में उदयपुर कलेक्टर रहते शिखर अग्रवाल के कार्यकाल में बूझड़ा गांव की 13.705 हेक्टेयर कृषि भूमि को पर्यटन प्रयोजन के लिए संपरिवर्तित किया गया। आरोप है कि इसके लिए वन, खनन और सिंचाई विभाग की आवश्यक NOC नहीं ली गई। बाद में भूमि का 40 प्रतिशत हिस्सा सुविधा क्षेत्र के लिए आरक्षित रखने और वरिष्ठ नगर नियोजक से ले-आउट अनुमोदित कराने जैसी शर्तें भी हटा दी गईं। इसके बाद 28 अगस्त 2023 को राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की CTE और CTO चेकलिस्ट में किए गए बदलाव भी ACB की जांच में हैं। आरोप है कि सरलीकरण के नाम पर भूमि संपरिवर्तन, वन विभाग की NOC और अरावली अधिसूचना से जुड़े दस्तावेजों की अनिवार्यता हटा दी गई। इसके बाद गोयल फैशंस की तीन रिसॉर्ट परियोजनाओं को मंजूरियां मिलीं। जांच का अहम सवाल यह होगा कि इन बदलावों से किन परियोजनाओं को लाभ मिला और संबंधित अधिकारियों की इसमें क्या भूमिका थी।

127 विला बिकने के बाद भी निवेश प्रोत्साहन

FIR का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2019 के तहत गोयल फैशंस को दिए गए कस्टमाइज्ड पैकेज से जुड़ा है। ACB के अनुसार अजबगढ़ रिसॉर्ट में कुल 135 विला में से 127 पहले ही बेचे जा चुके थे। इसके बावजूद कंपनी ने अपने आवेदन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में परियोजना के वास्तविक बिजनेस मॉडल की पूरी जानकारी नहीं दी। ACB का आरोप है कि 100 करोड़ रुपए की निवेश पात्रता हासिल करने के लिए 3.02 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को भी निवेश गणना में शामिल किया गया, जबकि उसकी रजिस्ट्री और संपरिवर्तन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई थी। 19 अगस्त 2026 को शिखर अग्रवाल की अध्यक्षता वाली समिति ने कंपनी का पात्र निवेश 118.50 करोड़ रुपए निर्धारित किया। ब्यूरो को आशंका है कि इस प्रक्रिया से कंपनी को सामान्य निवेश प्रोत्साहन की तुलना में अधिक अनुदान और छूट का लाभ दिलाने का प्रयास किया गया।

IAS अधिकारी ही नहीं, अन्य अफसर भी जांच के दायरे में

FIR में निवेश संवर्द्धन ब्यूरो के अधिकारियों की कथित भूमिका का भी उल्लेख है। ऐसे में जांच का दायरा उन अधिकारियों तक बढ़ सकता है, जिन्होंने प्रस्ताव तैयार किए, फाइलों पर टिप्पणियां कीं, पात्र निवेश की गणना की और स्वीकृति प्रक्रिया में हिस्सा लिया। हालांकि किसी फाइल पर हस्ताक्षर या समिति में शामिल होना अपने आप में आपराधिक दोष का प्रमाण नहीं है। संबंधित अधिकारियों की जानकारी, भूमिका और मंशा की जांच जरूरी होगी।

हाई कोर्ट में सुनवाई से पहले एफआईआर, बदली कानूनी स्थिति

शिखर अग्रवाल ने राज्य सरकार की ओर से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-A के तहत दी गई अनुमति और ACB की प्रारंभिक जांच को राजस्थान हाई कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में FIR दर्ज करने और दंडात्मक कार्रवाई पर रोक की अंतरिम राहत भी मांगी गई थी। 19 नवंबर को कोर्ट नंबर 11 में जस्टिस अनिल कुमार के समक्ष इस मामले की सुनवाई प्रस्तावित है। लेकिन सुनवाई से एक दिन पहले 18 नवंबर को ACB ने FIR दर्ज कर दी। इससे FIR दर्ज करने पर रोक की मांग का उद्देश्य उस सीमा तक निष्प्रभावी हो गया है। हालांकि धारा 17-A की अनुमति को चुनौती देने का कानूनी प्रश्न अभी भी बना हुआ है। शिखर अग्रवाल FIR निरस्त कराने के लिए BNSS की धारा 528 के तहत राहत मांग सकते हैं। गिरफ्तारी की आशंका होने पर अग्रिम जमानत का विकल्प भी उपलब्ध है। इसी बीच एडवोकेट पूनमचंद भंडारी ने शिखर अग्रवाल की आपराधिक रिट याचिका में पक्षकार बनने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। अब गुरुवार को हाई कोर्ट सुनवाई के साथ ACB की आगे की कार्रवाई पर भी निगाहें रहेंगी।

मंत्री खींवसर ने ली समीक्षा बैठक

मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग रोकने के लिए राजकॉप एप होगा अनिवार्य



समीक्षा बैठक लेते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर।

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की घटनाओं पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने बुधवार को समीक्षा बैठक लेकर सभी मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की प्रभावी रोकथाम और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके तहत प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों के मोबाइल में राजकॉप पुलिस एप डाउनलोड करवाना अनिवार्य होगा। वहीं, एसएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से रैगिंग रोकथाम के लिए तैयार गाइडलाइन और व्यवस्थाएं प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में लागू की जाएंगी। मंत्री ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की टीम को अन्य मेडिकल कॉलेजों में जाकर वहां के प्रशासन को मार्गदर्शन और मेंटरिंग देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी और स्क्वॉड सक्रिय रहें। नियमित निरीक्षण, निगरानी और शिकायतों के त्वरित निस्तारण की व्यवस्था हो। कमेटियों की नियमित बैठकें आयोजित करने के साथ शिकायतों, जांच और कार्रवाई का रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए।

अभिभावकों और विद्यार्थियों से लिए जाएंगे शपथ पत्र

खींवसर ने नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से एंटी रैगिंग संबंधी शपथ पत्र लेने, विद्यार्थियों को जागरूक करने और मेंटर-मेंटी कार्यक्रम प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजकॉप एप के जरिए विद्यार्थी रैगिंग या किसी अप्रिय घटना की सूचना सीधे पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। इससे कॉलेज प्रशासन तक सूचना पहुंचने में लगने वाली देरी से बचते हुए समय पर कार्रवाई संभव होगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि मेडिकल कॉलेजों का वातावरण भयमुक्त और सुरक्षित होना चाहिए। बैठक में प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा बाबूलाल गोयल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

4 जिलों में मतगणना टालने पर कांग्रेस का सरकार पर हमला

भाजपा को जनादेश से डर: डोटासरा

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के चार जिलों में पंचायत चुनाव की मतगणना करीब एक महीने टालने को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा को जनता के फैसले का डर सता रहा है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने सवाल उठाया कि चार जिलों के मतदाताओं को अपने जनादेश के लिए करीब एक महीने तक इंतजार क्यों करना पड़ रहा है।



गोविंद डोटासरा।

कार्यकाल से पहले नहीं हो सकती बैठक

पंचायतीराज चुनाव की मतगणना और नई जिला परिषदों-पंचायत समितियों के गठन को लेकर उठ रहे सवालों पर राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने बताया कि कोटा, बारां, करौली और श्रीगंगानगर की जिला परिषदों व पंचायत समितियों का कार्यकाल 22 दिसंबर 2026 को पूरा होगा। इसलिए इनका गठन भी संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाएगा। पुरानी संस्था का कार्यकाल पूरा होने से पहले नई संस्था की बैठक नहीं बुलाई जा सकती।



सरकार-जेडीए की अपील खारिज


राजमहल पैलेस पर पूर्व राजपरिवार का मालिकाना हक बरकरार

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान हाई कोर्ट ने राजमहल पैलेस की भूमि के स्वामित्व को लेकर राज्य सरकार और जेडीए की अपील खारिज कर दी है। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट क्रम-5 के 24 नवंबर, 2011 के फैसले को बरकरार रखा है।

निचली अदालत ने पूर्व राजपरिवार को विवादित संपत्ति का स्वामी माना था। हाई कोर्ट ने कहा कि प्रिंसेस हाउस को केवल एक बंगले तक सीमित नहीं माना जा सकता। इसमें उससे जुड़ा भवन, बगीचा, आवासीय संरचना और खुला परिसर भी शामिल है। ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है, जिससे राजमहल पैलेस और प्रिंसेस हाउस को अलग-अलग संपत्ति माना जाए। अदालत ने यह भी कहा कि सरकार ने निचली अदालत में संबंधित बिंदु नहीं उठाया था। सरकार की ओर से दलील दी गई कि कोवेनेंट में प्रिंसेस हाउस का उल्लेख सिविल लाइंस स्थित बंगला नंबर 7 के रूप में है, जबकि राजमहल पैलेस अलग संपत्ति है और राजस्व रिकॉर्ड में जमीन सरकारी दर्ज है।

बेधड़क TOON



-शेखर

पंचायती राज चुनाव की मतगणना

37 जिला परिषदों और 419 पंचायत समितियों के कल आएंगे परिणाम

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में गांवों की सरकार चुनने के लिए हुए पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के नतीजों का इंतजार शुक्रवार को खत्म होगा। प्रदेश की 37 जिला परिषदों और 419 पंचायत समितियों के सदस्यों के चुनाव की मतगणना 20 नवंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। चार चरणों में 45,384 मतदान केंद्रों पर हुए मतदान के बाद अब करोड़ों मतदाताओं के फैसले की तस्वीर सामने आएगी। जिला परिषद के 1275 और पंचायत समिति के 7,543 वार्डों के लिए मतगणना होगी। प्रदेशभर में कुल 8,818 वार्डों के परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला प्रमुख का चुनाव 25 नवंबर और प्रधान का चुनाव 27 नवंबर को होगा। बारां, श्रीगंगानगर, करौली और कोटा जिला परिषदों एवं पंचायत समितियों के प्रमुख-प्रधान संबंधी चुनाव की प्रक्रिया अलग समय-सारणी से होगा। 17 दिसम्बर को मतगणना और यहां 22 से 25 दिसंबर तक जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, प्रधान और उप प्रधान के चुनाव कराए जाएंगे।



जयपुर: 243 टेबलों पर मतगणना

जयपुर जिले में जिला परिषद के 57 वार्डों की मतगणना के लिए पांच कक्षों में 98 टेबल निर्धारित की गई हैं। वहीं जिले की 22 पंचायत समितियों के सदस्यों के लिए 145 टेबल लगेंगी। इस तरह जयपुर में कुल 243 टेबलों पर मतगणना होगी। इसके लिए भवानी निकेतन कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। जिला परिषद के वार्डों की मतगणना के लिए कक्ष संख्या 65 में 18, कक्ष 48 में 19, कक्ष 48ए में 21, कक्ष 44 में 20 और कक्ष 28 में 20 टेबल लगाई गई हैं। इन पर सभी 57 वार्डों की मतगणना होगी। पंचायत समितियों में चौमूं और किशनगढ़ रेनवाल में 8-8 टेबल, गोविंदगढ़, जोबनेर, सांभरलेक, मौजमाबाद, फागी, माधोराजपुरा, बस्सी और जमवारामगढ़ में 7-7 से 8 टेबल और शेष समितियों में 5 से 6 टेबल निर्धारित की गई हैं।

पहले पोस्टल बैलेट, फिर ईवीएम के वोट

मतगणना की प्रक्रिया में प्रत्येक वार्ड के पोस्टल बैलेट की गिनती पहले होगी। इसके बाद उसी वार्ड की ईवीएम के वोट गिने जाएंगे। एक मतगणना कक्ष में एक समय में केवल एक वार्ड की मतगणना होगी। परिणाम घोषित होने के बाद संबंधित वार्ड के उम्मीदवारों और अभिकर्ताओं को कक्ष से बाहर जाना होगा। इसके बाद अगले वार्ड के उम्मीदवारों और अभिकर्ताओं को बुलाया जाएगा। हर टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक और एक सहायक नियुक्त रहेगा। उम्मीदवारों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और मतगणना अभिकर्ताओं को पहचान पत्र के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा। मतगणना कार्मिकों को सुबह 6 बजे तक केंद्र पर पहुंचना होगा।

प्रदेश में चुनाव का गणित

विवरण	संख्या
जिला परिषद	37
पंचायत समितियां	419
जिला परिषद वार्ड	1,275
पंचायत समिति वार्ड	7,543
कुल वार्ड	8,818

मतगणना कार्यक्रम

20 नवंबर: जिला परिषद-पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना
25 नवंबर: जिला प्रमुख का चुनाव
26 नवंबर: उप जिला प्रमुख का चुनाव
27 नवंबर: प्रधान का चुनाव
28 नवंबर: उप प्रधान का चुनाव

नतीजे के साथ ही प्रमाण पत्र और शपथ

मतगणना पूरी होने के बाद निर्वाचित सदस्य को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया जाएगा और शपथ दिलाई जाएगी। ईवीएम को संग्रहण कक्ष से मतगणना कक्ष तक तहसीलदार स्तर के अधिकारी लेकर आएंगे। मतगणना के बाद ईवीएम निवारू रोड स्थित स्टोर में जमा करवाई जाएंगी।

जरूरी खबर

नारायण विहार में पकड़ी 165 टन अवैध बजरी



बेधड़क, जयपुर। नारायण विहार में अवैध बजरी भंडारण के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 165 टन बजरी जब्त की है। डीसीपी साउथ राजर्षि राज के निर्देशन में पुलिस और माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 17 नवंबर को नारायण विहार के बी ब्लॉक स्थित निरंकार बजरी सप्लायर्स की दुकान पर फायरिंग की घटना हुई थी। इसके बाद क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर अवैध बजरी भंडारण की जानकारी सामने आई। पुलिस ने पूरे क्षेत्र का ड्रोन से सर्वे कराया। इसमें बजरी सप्लायर के यहां बड़ी मात्रा में अवैध भंडारण मिला।

महिला का बैग काटकर उड़ाए एक लाख, तीन गिरफ्तार



बेधड़क, जयपुर। ई-रिक्शा में सफर कर रही महिला को निशाना बनाकर एक लाख रुपए चोरी करने और विरोध करने पर धारदार हथियार से जान से मारने की धमकी देने वाली तीन महिलाओं को लाल कोठी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पुष्पा, मनीषा और भूरी गुजरात के अहमदाबाद की रहने वाली हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की रकम में से 20 हजार रुपए बरामद किए हैं। डीसीपी रंजीता शर्मा के निर्देशन में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से तीनों को गिरफ्तार किया। आरोपी गुजराती गैंग से जुड़ी हैं और महिलाओं के बैग से नकदी व गहने चोरी करती हैं।

स्ट्रॉन्ग रूम काटकर चोर समेट ले गए कीमती आभूषण

बेधड़क, जयपुर। सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित शंकर ज्वेल्स की फैक्ट्री में अज्ञात चोर स्ट्रॉन्ग रूम को काटकर अंदर घुसे और वहां रखे कीमती आभूषण समेट ले गए। पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार शंकर ज्वेल्स की फैक्ट्री सीतापुरा स्थित SEZ फेज-2 के प्लॉट नंबर H-55 में संचालित है। यहां कीमती आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुएं सुरक्षित रखने के लिए विशेष स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। कंपनी के पार्टनर अजय शंकर खंडेलवाल ने शिकायत में बताया कि 12 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे फैक्ट्री परिसर और स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया गया तो चोरी का पता चला। अज्ञात लोगों ने स्ट्रॉन्ग रूम को काटकर उसमें प्रवेश किया और कीमती आभूषण चोरी कर लिए।

साइबर ठगी के दो आरोपियों को किया अरेस्ट

बेधड़क, जयपुर। क्रिप्टो करेंसी में मोटे मुनाफे का लालच देकर 87 लाख रुपए की साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को जयपुर साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों घनश्याम कादेल और मोहित कालोया को केंद्रीय कारागृह से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने फर्जी क्रिप्टो करेंसी वेबसाइट और एप बनाकर निवेशकों को हर महीने 10 से 15% सुरक्षित रिटर्न का झांसा दिया। शुरुआती मुनाफा लौटाकर भरोसा जीता और बाद में भुगतान बंद कर दिया।

न्यू सांगानेर रोड पर जेडीए की दूसरे फेज की कार्रवाई, 80 से ज्यादा अतिक्रमण ध्वस्त

फिर गरजा बुलडोजर...

कहीं आशियाने उजड़े तो कहीं कारोबार तबाह

बेधड़क | जयपुर

न्यू सांगानेर रोड पर बुधवार को जेडीए का बुलडोजर ऐसा गरजा कि कहीं आशियानों के हिस्से मलबे में बदल गए तो कहीं कारोबार उजड़ गया। गुर्जर की थड़ी से सोडाला तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण के लिए दूसरे फेज की कार्रवाई में 80 से ज्यादा अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए गए। बुधवार को सुबह 8 बजे शुरू हुआ अभियान शाम 4:30 बजे तक यानी करीब साढ़े आठ घंटे चला। नौ जेसीबी और एक एलएंडटी मशीन ने मकानों, दुकानों, होटलों, अस्पताल और मैरिज गार्डन के आगे बने अवैध निर्माणों को ढहा दिया। कार्रवाई का सबसे भावुक दृश्य कलकत्ता मैरिज गार्डन में दिखा, जहां गुरुवार को एक बेटी की शादी होनी है। जोधपुर से बारात आने वाली है, लेकिन शादी के लिए सजाया गया डेकोरेशन गेट भी जेडीए की कार्रवाई में नहीं बच सका। परिवार ने गेट छोड़ने की गुहार लगाई, लेकिन शादी की खुशियों से पहले वहां मलबा बिखर गया। जेडीए के उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा के अनुसार, हाई कोर्ट के आदेशों की पालना में चार प्रवर्तन टीमों ने संयुक्त अभियान चलाया। मेट्रो पिलर 84 से 109 तक करीब 800 मीटर क्षेत्र में सड़क सीमा में आ रहे रैंप, रेलिंग, बालकनी, टीनशेड, सीढ़ियां, बाउंड्रीवॉल और भवनों के आगे के हिस्से हटाए गए।



फोटो: पंकज शर्मा



व्यापारी-पुलिस आमने सामने, धक्का-मुक्की

कार्रवाई के दौरान व्यापारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि वे खुद अतिक्रमण हटा रहे थे, इसके बावजूद मशीनों से तोड़फोड़ कर सामान को नुकसान पहुंचाया गया। व्यापारी पंकज शर्मा ने कहा कि पहले फेज में भी व्यापारी ठगा महसूस कर रहे थे और अब दूसरे फेज में भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। तोलाराम यादव ने बताया कि 27 सितंबर को नोटिस मिलने के बाद से निर्माण हटाने में लगे थे, लेकिन पर्याप्त समय नहीं मिला।

शादी की खुशियों से पहले ही बिखर गया मलबा

कलकत्ता मैरिज गार्डन में गुरुवार को बेटी की शादी है। जोधपुर से बारात आनी है। इसके लिए गार्डन के बाहर डेकोरेशन गेट सजाया गया था। दुल्हन की मां चंद्ररेखा ने कहा कि बुकिंग के समय गार्डन संचालक ने जेडीए की कार्रवाई के बारे में कुछ नहीं बताया। अब शादी से ठीक पहले सब अस्त-व्यस्त हो गया। पिता अमर सिंह ने कहा कि अधिकारियों से शादी तक गेट छोड़ने की गुहार लगाई थी। पहले थोड़ा हिस्सा तोड़कर गेट छोड़ दिया, लेकिन बाद में उसे भी ध्वस्त कर दिया। डेकोरेशन का सामान टूटने से नुकसान हुआ है।

घर टूटे तो छलके आंसू

बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान घरों के हिस्से टूटते देख महिलाएं भावुक हो गईं। एक महिला रोते हुए बोली कि जीवनभर की पूंजी से मकान बनाया था। मेट्रो पिलर 101 के सामने एक महिला कार्रवाई के दौरान पहली मंजिल पर खड़ी हो गई। परिजन अधिकारियों से गुहार लगाते रहे कि लाल निशान तक निर्माण खुद हटाना शुरू कर दिया है, कुछ समय दिया जाए। पिलर 89 के सामने दुकान के ऊपर बने मकान में बीमार बुजुर्ग महिला और उनका परिवार नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ। पुलिस ने उन्हें सुरक्षित नीचे उतारने का प्रयास किया।

दीवार तोड़ी... दुबारा बनाई तो छोड़ी चार फीट जगह

जेडीए ने होटल लजीज के आगे का हिस्सा और संजीवनी हॉस्पिटल की दीवार ध्वस्त की। अस्पताल प्रशासन ने कार्रवाई के बाद चार फीट जगह छोड़कर दीवार बनानी शुरू कर दी। मेट्रो पिलर 102 के सामने मनी प्लांट बिल्डिंग पर कार्रवाई के बाद एक और बिल्डिंग पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर व्यापारी ने विरोध जताया।



फोटो: राजेश कुमावत

कार्रवाई के दौरान कई थानों की पुलिस रही मौजूद

गुर्जर की थड़ी से सोडाला तिराहे तक करीब 2.4 किलोमीटर सड़क को 100 फीट चौड़ा किया जाना है। अतिक्रमण के कारण कई जगह इसकी चौड़ाई 40 से 60 फीट तक सिमट गई है। 5 अक्टूबर को पहले फेज में गुर्जर की थड़ी से विवेक विहार तक करीब 700 मीटर क्षेत्र में 50 मकान-दुकानों के अवैध हिस्से हटाए गए थे। दूसरे फेज में 80 से ज्यादा अतिक्रमणों पर कार्रवाई हुई। अभियान में प्रवर्तन-द्वितीय एवं तृतीय सहित जोन-सी, 08, 14, 20, 11, 07, 22, 09, 17, 12, पीआरएन, बी और 24 की टीमें शामिल रहीं। महेश नगर, सोडाला, ज्योति नगर और श्याम नगर थानों के थानाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा।



आवासन मंडल की बोर्ड बैठक में फैसला

प्रताप नगर के कोचिंग हब में अब फॉरेंसिक साइंस और साइबर सुरक्षा का ठिकाना

बेधड़क | जयपुर

कोचिंग संस्थानों के लिए विकसित प्रताप नगर कोचिंग हब की पहचान अब बदलने जा रही है। यहां खाली पड़े चार टावरों में अब फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई, वैज्ञानिक अनुसंधान और साइबर अपराधों से निपटने का तंत्र विकसित होगा। राजस्थान आवासन मंडल ने टावर-5, 7 और 8 को नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (NFSU) और केंद्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला (CFSL) को आवंटित करने का फैसला किया है। वहीं, टावर-6 में R4C भवन के साथ AI आधारित साइबर हेल्पलाइन 1930 का कॉल सेंटर संचालित होगा यानी जिस परिसर को कोचिंग हब के रूप में विकसित किया गया था, उसकी खाली परिसंपत्तियों को अब शिक्षा, अनुसंधान और साइबर सुरक्षा के काम में लिया जाएगा।



आवासन मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को हुई 256वीं बोर्ड बैठक में यह निर्णय किया गया। तीन टावर गृह विभाग के माध्यम से शैक्षणिक एवं संस्थागत उपयोग के लिए दिए जाएंगे। इससे जयपुर में फॉरेंसिक शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़ी गतिविधियों को जगह मिलेगी। वहीं, चौथे टावर में साइबर अपराधों से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए तकनीक आधारित व्यवस्था विकसित होगी। एक ही परिसर में चार टावरों का इस तरह उपयोग बदलना बैठक का सबसे अहम फैसला रहा।

निगम को मिलेगी मुफ्त जमीन

बोर्ड बैठक में जयपुर की सफाई व्यवस्था से जुड़ा एक अहम निर्णय भी हुआ। नगर निगम को प्रताप नगर योजना के सेक्टर-5 में 9,128.72 वर्गमीटर जमीन निशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस जमीन पर मेकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन (MTS) और आधुनिक गैराज बनाया जाएगा। इससे कचरे के संग्रहण, स्थानांतरण और परिवहन की व्यवस्था को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। मंडल के नियमित कर्मचारियों को वर्ष 2026-27 में पदोन्नति देने के लिए कार्यानुभव में शिथिलन को कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

विदेश से MBBS: फर्जीवाड़े से इंटर्नशिप, पांच अरेस्ट

FMGE में सात बार फेल... 15 लाख देकर बन गए डॉक्टर

बेधड़क | जयपुर

विदेश से MBBS की डिग्री लेकर भारत में डॉक्टर बनने का सपना देखने वालों ने FMGE परीक्षा पास करने की अनिवार्यता को ही फर्जीवाड़े से दरकिनार कर दिया।

सात बार परीक्षा में असफल होने के बावजूद फर्जी स्क्रीनिंग टेस्ट सर्टिफिकेट के दम पर राजस्थान में इंटर्नशिप और मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन तक हासिल कर लिया। SOG ने इस मामले में विदेश से MBBS की पढ़ाई करने वाले पांच डिग्रीधारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दलालों के जरिए 15 से 30 लाख तक देकर फर्जी सर्टिफिकेट खरीदे थे। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल के अनुसार, विदेश से MBBS करने वालों के लिए भारत में मेडिकल प्रैक्टिस से पहले FMGE पास करना अनिवार्य है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने परीक्षा में असफल होने के बाद दिसंबर 2023 और जून 2023 के स्क्रीनिंग टेस्ट के कूटरचित प्रमाण पत्र बनवाए। गिरफ्तार आरोपियों में सत्यप्रकाश खापरवाल और उसका भाई जयप्रकाश शामिल हैं। दोनों ने चीन की सुजो मेडिकल यूनिवर्सिटी से MBBS किया था। जयप्रकाश करीब सात बार FMGE में फेल हुआ। दोनों ने 15-15 लाख देकर फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए। विमल यादव ने कजाकिस्तान की करागांडा मेडिकल यूनिवर्सिटी से MBBS किया और 20 लाख रुपए देकर प्रमाण पत्र हासिल कर अलवर मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप शुरू की। इसी तरह विश्वेंद्र सिंह चेची ने 20 लाख देकर फर्जी प्रमाण पत्र बनवाया और धौलपुर मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप पूरी की। दिशांत टेलर ने भी 20 लाख रुपए देकर फर्जी प्रमाण पत्र हासिल किया और दौसा मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप शुरू कर दी। डीआईजी भुवन भूषण यादव के निर्देशन में जांच अधिकारी जितेंद्र नावरिया की टीम ने 16 नवंबर को पांचों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, भानाराम माली, शुभम गुर्जर, इंद्रराज गुर्जर, हेमंत यादव और यतेंद्र पटेल सहित बिचौलियों की भूमिका सामने आई है।

एक साल में तैयार हुआ 15 करोड़ का RUB... जनवरी की डेडलाइन से पहले खुला रास्ता

सीतावाली फाटक पर अब नहीं थमेंगे पहिए... आज खुलेगा RUB

बेधड़क | जयपुर

रेलवे फाटक बंद होने पर लगने वाले जाम और लंबे इंतजार से विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के दादी का फाटक, माचेड़ा सहित आसपास की 300 से अधिक कॉलोनियों और करीब 30 गांवों के लोगों को अब छुटकारा मिलेगा।

सीतावाली फाटक और बैनाड़ फाटक के बीच करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से बना रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी) बनकर तैयार हो गया है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी गुरुवार शाम 4 बजे इसका लोकार्पण करेंगी। खास बात यह है कि जनवरी 2027 तक पूरी होने वाली इस परियोजना का काम करीब एक साल में ही पूरा कर लिया गया। आरयूबी शुरू होने से करीब एक लाख लोगों की रोजाना आवाजाही आसान होगी। सीतावाली फाटक पर ट्रेन गुजरने के दौरान रेलवे क्रॉसिंग बंद होते ही दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग जाती थीं। कई बार लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता था। इसका असर नौकरीपेशा लोगों, स्कूली बच्चों, व्यापारियों और रोजाना इस रास्ते से गुजरने वाले वाहन चालकों पर पड़ता था। अब अंडरपास शुरू होने से ट्रेन के गुजरने का इंतजार किए बिना वाहन निकल सकेंगे। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। तेजी से विकसित हो रहे इस क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव के लिहाज से भी यह परियोजना अहम है।



फोटो: AI

101 करोड़ का चार लेन ROB भी बन रहा

सीतावाली फाटक आरयूबी के साथ नाड़ी का फाटक पर 101.26 करोड़ रुपए की लागत से चार लेन आरओबी का निर्माण भी प्रस्तावित है। दोनों परियोजनाओं का शिलान्यास 7 दिसंबर 2025 को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने किया था। सीतावाली फाटक का आरयूबी तैयार होने के बाद अब नाड़ी का फाटक आरओबी के पूरा होने का इंतजार है। इसके बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में और बड़ी राहत मिलेगी।

300 कॉलोनियों और 30 गांवों को होगा फायदा

दादी का फाटक से खोरा व बैनाड़, रोजदा, सरना डूंगर सहित आसपास के इलाके में आवासीय कॉलोनियों के विस्तार के साथ वाहनों की संख्या भी बढ़ी है। रेलवे फाटकों पर लगने वाला जाम स्थानीय लोगों के लिए रोज की परेशानी बन गया था। दोनों परियोजनाएं पूरी होने के बाद रेलवे क्रॉसिंग के कारण होने वाली बाधा काफी हद तक दूर होगी। खासकर उन लोगों को राहत मिलेगी, जिन्हें कामकाज, पढ़ाई और कारोबार के सिलसिले में रोज इस रास्ते से गुजरना पड़ता है। पार्षद राजेंद्र करोड़िया ने बताया कि लाखों लोग जाम में घंटों फंस जाते थे, अब उन्हें राहत मिलेगी।

जरूरी खबर

दरगाह में जेबतराशी करने वाली गैंग के 5 आरोपी गिरफ्तार



अजमेर। ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में जायरीनों की जेब काटकर मोबाइल चोरी करने वाली गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 25 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए, जिनकी कीमत करीब 6 लाख रुपए है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद आमिर (20), मोहम्मद ग्यासुदीन (20), फरदीन खान (21), शेख फरहान आलम (23) और मोहम्मद शाहिद (21) शामिल हैं। सभी के खिलाफ पहले से चोरी, लूट सहित विभिन्न मामले दर्ज हैं।

भाई के अंतिम दर्शन से पूर्व हादसे में 2 बहनों की मौत

लाडनूं (नागौर)। लाडनूं-सालासर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार शाम करीब 4 बजे मंगलम होटल के पास दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में दो सगी बहनों की मौत हो गई। मृतकों में शहरिया बास, लाडनूं निवासी मेहुरनिशा (46) पत्नी राजू खान और चोलू खां, डीडवाना निवासी दौलत बानो (55) पत्नी सलमान खान शामिल हैं। दोनों मृत भाई के अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार में शामिल होने भवाज की ढाणी, फतेहपुर जा रही थीं। भाई विदेश में रहता था और उसकी वहीं मौत हो गई थी। भाई का शव बुधवार को गांव पहुंचना था। हादसे के बाद फरार हुए दूसरी कार के चालक को बाद में पकड़ लिया गया।

सीएनजी गैस से भरे टैंकर में रिसाव, मचा हड़कंप



धौलपुर। धौलपुर-करौली हाईवे पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बुधवार को सीएनजी गैस से भरे टैंकर में रिसाव होने से हड़कंप मच गया। टैंकर धौलपुर से बाड़ी की ओर जा रहा था। रिसाव की सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी रामकिशन यादव और पचगांव चौकी प्रभारी एएसआई अरुण शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पॉलिटेक्निक कॉलेज में पंचायत चुनाव की ईवीएम रखी होने से एहतियातन हाईवे पर दोनों ओर का यातायात रुकवा दिया गया। पुलिस ने टोरेंट कंपनी के अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद कंपनी की इंजीनियरिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी जांच की और गैस रिसाव बंद किया। रिसाव रुकने के बाद यातायात सुचारू कराया गया।

पुष्कर मेले में संस्कृति के रंग: ऊंटों के अनोखे करतबों ने लूटी महफिल

देसी खेलों में दिखाया दम... लंगड़ी टांग में अर्जेंटीना की माया प्रथम

बेधड़क | अजमेर

अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले के दूसरे दिन बुधवार को पारंपरिक खेलों, पशु प्रतियोगिताओं और राजस्थानी संस्कृति के रंग देखने को मिले। लंगड़ी टांग में अर्जेंटीना की माया प्रथम रहीं, जबकि सतोलिया और गिल्ली-डंडा में भारतीय खिलाड़ियों ने विदेशी टीमों को हराया। ऊंटों के करतबों और साज-सज्जा ने पर्यटकों का ध्यान खींचा। सात समंदर पार से आए मेहमान भी यहां की धार्मिक परंपराओं, लोकगीतों, पहनावे और खान-पान का आनंद लेते नजर आए।

लंगड़ी टांग में अर्जेंटीना की माया प्रथम, जर्मनी की लीजा दूसरे और इजरायल की अल्मोग तीसरे स्थान पर रहीं। कोई भारतीय महिला खिलाड़ी शीर्ष तीन में जगह नहीं बना सकी। सतोलिया में भारतीय टीम ने विदेशी खिलाड़ियों को 2-1 से हराया। गिल्ली-डंडा में भी देसी खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। इंग्लैंड सहित तीन देशों के पर्यटकों ने हिस्सा लिया।



चारपाई पर नृत्य दिखाते ऊंट।



लंगड़ी टांग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।



लंगड़ी टांग की विजेता माया एवं अन्य विदेशी प्रतिभागी।



ऊंट के मुंह में सिर डालते पशुपालक।

ऊंटों के करतबों ने किया रोमांचित

ऊंटों ने चारपाई पर नाचने, चाय की केतली और 100 रुपए का नोट उठाकर मालिक को देने जैसे करतब दिखाए। एक ऊंट ने मालिक की गर्दन मुंह में दबाई, जबकि दूसरे ने विदेशी महिला निर्णायक को माला पहनाकर किस किया। प्रतियोगिता में सीकर के वीरेंद्र सिंह प्रथम, मांगीलाल सिंह दूसरे और डेगाना के प्रभु सिंह तीसरे रहे। ऊंट सजाओ में अजमेर के अशोक टांक प्रथम और सीकर के विजेंद्र सिंह दूसरे रहे। अशोक 38 साल से प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और 13 से अधिक अवॉर्ड जीत चुके हैं।

राजस्थानी परंपराओं में रमे विदेशी मेहमान

अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ऑस्ट्रेलिया और जापान से आए पर्यटक पगड़ी, घाघरा-चोली, दाल-बाटी-चूरमा, मालपुआ, रबड़ी और लस्सी का आनंद ले रहे हैं। सरोवर की आरती, दीपदान, ब्रह्मा मंदिर, लोकगीत, कालबेलिया नृत्य और मेहंदी भी आकर्षण बने हुए हैं। इटली की लीला ने आरती से मानसिक शांति मिलने की बात कही। जर्मनी के नीनो पगड़ी बांधना सीखना चाहते हैं। दिल्ली निवासी वैशाली और जापान के आतरज ने भी पुष्कर के आध्यात्मिक अनुभव को खास बताया।

घोड़े 'देव कांटा' का जलवा, 11 करोड़ का मिला ऑफर



नसीराबाद निवासी महिपाल चौधरी का साढ़े चार साल का मारवाड़ी घोड़ा देव कांटा आकर्षण बना हुआ है। इसके लिए 11 करोड़ रुपए तक का प्रस्ताव मिल चुका है। ब्रीडिंग फीस एक लाख रुपए है। इसके 7-8 बच्चे 15 से 30 लाख रुपए तक में बिक चुके हैं।

ऑनलाइन सट्टेबाजी की लत ने अकाउंटेंट को बनाया गबनवीर

कंपनी व परिवार के खातों से उड़ाए 8.01 करोड़ रुपए, आरोपी अरेस्ट

■ स्वयं के बचत के 25 से 30 लाख रुपए भी गंवाए

बेधड़क | भीलवाड़ा

ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी की लत में एक अकाउंटेंट ने कपड़ा व्यापारी की फर्म और परिवार के बैंक खातों से 8 करोड़ 1 लाख रुपए का गबन कर लिया। सुभाषनगर थाना पुलिस ने आरोपी तरुणकुमार (34) पुत्र रमेशचंद्र काला, निवासी राजपूत कॉलोनी को अलवर जिले के तिजारा से गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी कैलाशकुमार विश्नोई के अनुसार, फर्म के डायरेक्टर ने 15 सितंबर को मामला दर्ज कराया था। आरोपी को कंपनी के वित्तीय और बैंक संबंधी काम सौंपे गए थे। खातों की जांच में महज 38 हजार रुपए बचे मिले। शुरुआती जांच में 4.57 करोड़ रुपए अपने खातों में ट्रांसफर करने का खुलासा हुआ।



पुलिस की हिरासत में तरुण कुमार काला।

परिवार के खातों में भी लगाई सेंध

पुलिस और साइबर सेल ने 13 नवंबर को तिजारा से आरोपी को पकड़ा। जांच में कंपनी के साथ व्यापारी के परिवार के खातों से भी रकम निकालने की बात सामने आई। पुलिस ने मोबाइल, कंप्यूटर और बैंक दस्तावेज बरामद किए।

न्यायिक हिरासत में भेजा

पूछताछ में आरोपी ने ऑनलाइन गेमिंग में अपनी 25 से 30 लाख रुपए की बचत गंवाना भी स्वीकार किया। बुधवार को न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

रेलवे ट्रैक ब्लास्ट केस में होटल संचालक सहित 7 डिटेन



श्रीगंगानगर। रामसिंहपुर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक ब्लास्ट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पंजाब के गुरदासपुर निवासी महकदीप कौर व देवेंद्र सिंह से पूछताछ के आधार पर होटल संचालक और वाहन चालक सहित 7 लोगों को डिटेन किया है। आरोपियों के बैंक खातों, कॉल डिटेल और संपर्कों की जांच की जा रही है। एसपी हरीशंकर के अनुसार, महकदीप के खाते में संदिग्ध लेनदेन मिले हैं। उसकी बहन मुस्कान व रिश्तेदारों के खातों की जांच के लिए टीम गुरदासपुर भेजी गई है।

2.23 लाख रुपए की डील की जांच

पुलिस के अनुसार, ब्लास्ट से पहले महकदीप के साथ 2 लाख 23 हजार रुपए की डील हुई थी। इसमें एक लाख रुपए नकद मिले, जबकि महकदीप और मुस्कान के खातों में ऑनलाइन एक लाख रुपए आए थे। पुलिस रकम भेजने वालों और इसके उद्देश्य की जांच कर रही है। देवेंद्र सिंह के संपर्कों और पृष्ठभूमि की भी पड़ताल की जा रही है।

पिस्टल से सिर पर वार, एक अरेस्ट

जीपीएस के जरिए चोरी हुई गाड़ी तक पहुंचे युवकों पर बदमाशों ने की फायरिंग



बेधड़क | जोधपुर

हनुमानगढ़ के रावतसर से चोरी हुई स्कॉर्पियो तलाशने जोधपुर आए छह युवकों पर डांगियावास थाना क्षेत्र के सालवा कला में बुधवार दोपहर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। आरोपियों ने उनकी गाड़ी को पीछे से कई बार टक्कर मारी, जिससे स्कॉर्पियो 4-5 पलटी खाते हुए खेत में जा घुसी। हादसे में तीन युवक और स्थानीय भेड़ पालक बाबूलाल जाट घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी मनीष जाट निवासी सालवा कला को डिटेन कर लिया है, जबकि सुनील जाट की तलाश जारी है। हनुमानगढ़ के रावतसर निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि करीब दो महीने पहले उसकी स्कॉर्पियो चोरी हुई थी। गाड़ी में जीपीएस लगा होने से उसकी लोकेशन मिली। इसके बाद वह अपने बेटे और अन्य युवकों के साथ गाड़ी तलाशते हुए सालवा कला पहुंचा। वहां एक ढाणी के बाहर गाड़ी खड़ी दिखाई दी। युवकों के अनुसार, उन्होंने आरोपियों से बात करने की कोशिश की और पुलिस को भी सूचना दी। इसी दौरान बदमाश गाड़ी लेकर भागने लगे।

टक्कर मारी, पलटी गाड़ी पर भी फायर

सुरेंद्र कुमार के अनुसार, बदमाशों ने तीन-चार अन्य गाड़ियां बुलाकर उनका पीछा किया। आरोपियों ने उनकी स्कॉर्पियो को तीन-चार बार टक्कर मारी और फायरिंग की। गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटते हुए खेत में जा गिरी। सुरेंद्र ने आरोप लगाया कि एक गोली उनके बेटे को छूकर निकली। इसके बाद भी बदमाशों ने फायरिंग की और युवकों से मारपीट कर पिस्टल के बट से उनके सिर पर वार किया।

एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

SHO राजूराम के अनुसार, बुधवार दोपहर 1:10 बजे घटना की सूचना मिली थी। हनुमानगढ़ से आए सुरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार और भानु खान घायल हुए। टक्कर से स्थानीय भेड़ पालक बाबूलाल जाट भी चोटिल हुआ। सभी को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने दो-तीन हवाई फायर होने की भी जानकारी दी। एक गोली युवकों की स्कॉर्पियो के बोनट पर लगी। पुलिस दूसरे आरोपी सुनील जाट की तलाश कर रही है।

मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा खंडित, विरोध में फलोदी बंद रहा

जोधपुर। परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह की आमला गांव में लगी प्रतिमा खंडित करने के विरोध में बुधवार को फलोदी बंद रहा। सर्व समाज और मारवाड़ राजपूत समाज के आह्वान पर शहरवासियों ने स्वेच्छा से दुकानें बंद रखीं। मेडिकल स्टोर, दूध-दही और सब्जी की दुकानों को छूट दी गई। बंद के दौरान पुलिस बल तैनात रहा। शहीदी दिवस पर संगठनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

स्टेशनों के पुनर्विकास, नई रेल लाइनों और मेमू ट्रेन पर चर्चा

रेलवे विकास पर मंथन, सांसदों की सीमित भागीदारी

बेधड़क | कोटा

पश्चिम-मध्य रेलवे की बुधवार को सांसदों के साथ हुई बैठक में स्टेशनों के पुनर्विकास, नई रेल लाइनों, ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं पर चर्चा हुई। 11 आमंत्रित सांसदों में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, जबकि चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी और झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह ऑनलाइन जुड़े। शेष नौ सांसदों ने प्रतिनिधि भेजे। इनमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, हरीश मीणा, भजनलाल जाटव, हेमा मालिनी, संजना जाटव, सुधीर गुप्ता, अनिल फिरोजिया, रोडमल नागर और राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह शामिल हैं। रेलवे की ओर से डीआरएम अनिल कालरा, एडीआरएम ललित कुमार धुरंधर, योगेश कुमार मित्तल और सीनियर डीसीएम सौरभ जैन मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि अमृत भारत योजना में गंगापुर सिटी, बूंदी और मांडलगढ़ स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा हो चुका है। सवाई माधोपुर, बारां, झालावाड़ सिटी, भवानीमंडी, चौमहला, शामगढ़, हिंडौन सिटी, भरतपुर, बयाना और रामगंजमंडी में काम जारी है। कोटा और न्यू कोटा स्टेशन का भी उन्नयन हो रहा है।



कोटा में पश्चिम-मध्य रेलवे की बैठक में उपस्थित अधिकारी व सांसद।

सरपंच सीताराम का स्वागत



बेधड़क | जयपुर

बस्सी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बूड़थल के नवनिर्वाचित सरपंच सीताराम शर्मा का बुधवार को ग्रामीणों और समर्थकों ने स्वागत किया। शर्मा ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 63 मतों से हराकर जीत दर्ज की। समारोह में उन्होंने ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि यह पूरे गांव के विश्वास की जीत है। सड़क, पेयजल, सफाई और मूलभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता रहेगा। सभी वर्गों को साथ लेकर बिना भेदभाव काम करेंगे। ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आईआईटी जोधपुर को ध्यान और 438 दवाओं के बीच मिले जैविक संबंध

ध्यानावस्था में सक्रिय होते हैं मस्तिष्क के कई रासायनिक तंत्र

बेधड़क | जोधपुर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के वैज्ञानिकों ने ध्यान और मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शोध में ध्यान के दौरान शरीर में होने वाले जैविक बदलावों और मस्तिष्क पर असर डालने वाली 438 दवाओं से संबंधित प्रक्रियाओं के बीच समानताएं सामने आई हैं। इससे यह समझने का नया रास्ता खुला है कि ध्यान शरीर और मस्तिष्क की गतिविधियों को किस तरह प्रभावित कर सकता है। शोध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका फ्रंटियर्स इन ह्यूमन न्यूरोसाइंस में 9 नवंबर को प्रकाशित हुआ है।



106 लोगों के आंकड़ों का किया विश्लेषण

आईआईटी के जैव विज्ञान एवं जैव अभियांत्रिकी विभाग की प्रोफेसर मिताली मुखर्जी ने शोधार्थी अदिति जोशी के साथ अध्ययन किया। इसमें डॉ. विग्नेश मुरलीधरन और कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के पूर्व छात्र दीप पटेल ने सहयोग किया। शोधकर्ताओं ने इनर इंजीनियरिंग ध्यान कार्यक्रम में शामिल 106 लोगों के 389 जैविक नमूनों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। नमूने कार्यक्रम से पहले, आठ सप्ताह की तैयारी, आठ दिवसीय ध्यान शिविर और तीन महीने बाद जुटाए गए थे।

मस्तिष्क के रासायनिक तंत्र से जुड़ी प्रक्रियाओं में बदलाव

वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर आधारित कनेक्टिविटी मैप तकनीक से ध्यान के दौरान जीन गतिविधियों में आए बदलावों की तुलना दवाओं के जैविक प्रभावों से की। इसमें गाबा, ग्लूटामेट, डोपामिन और सेरोटोनिन जैसे रासायनिक तत्वों से जुड़ी प्रक्रियाओं के साथ समानताएं मिलीं। शुरुआती तैयारी में गाबा और डोपामिन, जबकि गहन ध्यान के दौरान इन सभी रासायनिक प्रणालियों और कैल्शियम चैनल से संबंधित संकेत सामने आए।

75 दवाओं और मस्तिष्क गतिविधियों के 21 मापदंडों का अध्ययन

शोध में 75 दवाओं, उनकी 55 श्रेणियों और मस्तिष्क की गतिविधियों से जुड़े 21 मापदंडों का भी विश्लेषण किया गया। इससे मस्तिष्क की सक्रियता और उसे नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाओं के संतुलन को समझने में मदद मिल सकती है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि ध्यान का प्रभाव हर व्यक्ति में समान नहीं होता। शारीरिक-मानसिक स्थिति और अभ्यास की अवधि के अनुसार बदलाव अलग हो सकते हैं।

ध्यान नहीं है चिकित्सा का विकल्प

शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि दवाओं से जैविक समानता मिलने का अर्थ यह नहीं है कि ध्यान दवाओं की तरह काम करता है या चिकित्सा उपचार का विकल्प है। इन संबंधों की पुष्टि के लिए आगे शोध जरूरी है। भविष्य में मस्तिष्क की विद्युत गतिविधियों, मांसपेशियों और चुंबकीय तरंगों के अध्ययन से ध्यान के प्रभावों को और बेहतर समझा जा सकेगा।

राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
बी-39, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर - 302001

खुली बिड सूचना संख्या 20/2026-27

"किराये के आधार पर वाहनों की आपूर्ति हेतु वार्षिक दर संविदा" (कुल अनुमानित लागत रु. 8,00,000/–) हेतु दिनांक 30.11.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक बोली आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित बिड दस्तावेज प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in की वेब साईट अथवा आरएनसी की वेब साईट www.rncjaipur.org पर देखी जा सकती है एवं बिड से संबंधित बिड दस्तावेज http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड किये जायेंगे।

यू0बी0एन0 नं. RNC2627A0013 — रजिस्ट्रार, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर

राज.संवाद/सी/26/13395

जयपुर के 299वें स्थापना दिवस पर गंगापोल से स्टैच्यू सर्किल तक दिखा उत्सव का भव्य नजारा, क्रेन से हुआ गणेश पूजन



@स्टैच्यू सर्किल

फोटो: पंकज शर्मा

आसमान में आतिशबाजी... धरती दीपों से जगमग

■ हेलीकॉप्टर से बरसीं गुलाब की पंखुड़ियां, 11 हजार दीपकों से जगमगाया सर्किल

बेधड़क | जयपुर

299 साल की विरासत, भक्ति का उल्लास और जश्न का आसमानी नजारा... जयपुर के स्थापना दिवस पर बुधवार को गुलाबी नगरी कुछ इसी अंदाज में उत्सव के रंगों में डूबी नजर आई। गंगापोल गेट पर क्रेन से भगवान गणेश का पूजन हुआ तो आसमान से हेलीकॉप्टर ने फूल बरसाकर माहौल को यादगार बना दिया। शाम को स्टैच्यू सर्किल पर 11 हजार दीपकों की रोशनी के बीच ऐसी आतिशबाजी हुई कि आसमान रंगों से नहा उठा। शहनाई, नगाड़ों, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने स्थापना दिवस के जश्न में चार चांद लगा दिए। जयपुरवासियों के साथ विदेशी पर्यटक भी इस नजारे के गवाह बने। स्थापना दिवस के आयोजन में विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से भाग लिया। शहनाई, लोकनृत्य, दीपोत्सव और आतिशबाजी ने उन्हें जयपुर की सांस्कृतिक विरासत और उत्सवी परंपरा की झलक दिखाई।



स्टैच्यू सर्किल पर दीप प्रज्ज्वलन के बाद राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, महापौर सुनील कोठारी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी व अन्य।

गंगापोल गेट पर गणेशजी के पूजन से समारोह की शुरुआत

समारोह के दूसरे दिन की शुरुआत गंगापोल गेट पर प्रथम पूज्य भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। महापौर सुनील कोठारी और जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने क्रेन की मदद से गणेश पूजन कर शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। शहनाई और नगाड़ों की गूंज के बीच हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा ने लोगों का ध्यान आसमान की ओर खींच लिया। गुलाब की पंखुड़ियां बरसते ही उत्सव में शामिल लोग रोमांचित हो उठे। विधायक बालमुकुंदाचार्य, उपमहापौर सरोज कंवर, पार्षद विमल अग्रवाल, प्रतिभा शर्मा, कविता शर्मा और सुभाष संघी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद महापौर ने गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। कलाकारों ने कथक नृत्य की प्रस्तुति भी दी।



स्टैच्यू सर्किल पर बागडे ने किया दीप प्रज्ज्वलन

शाम का मुख्य आकर्षण स्टैच्यू सर्किल रहा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने जयपुर के संस्थापक महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहरवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। गायत्री परिवार के मंत्रोच्चार के बीच दीप जलाए गए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, सांसद मंजू शर्मा, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और महापौर सुनील कोठारी मौजूद रहे। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा और अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए।



1100 दीपों से जगमगाई पांचबत्ती

स्थापना दिवस पर पांचबत्ती-एमआई रोड दीपों और रोशनी से जगमगा उठा। एमआई रोड व्यापार मंडल ने जयपुर व्यापार महासंघ के संयोजन में दीपोत्सव एवं विद्युत सजावट कार्यक्रम आयोजित किया। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल ने 1100 दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर महामंत्री सुरेश सैनी, एमआई रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष हरपाल पाली, विनय शर्मा सहित व्यापारी व नागरिक मौजूद रहे। सभी ने जयपुर की ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक पहचान और व्यापारिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

शहनाई वादन ने बनाया माहौल को खास

स्टैच्यू सर्किल पर 11 हजार इलेक्ट्रॉनिक और मिट्टी के दीपक जलाए गए। गायत्री मंत्र के उच्चारण के बीच दीप प्रज्ज्वलन हुआ। रोशनी से जगमगाते सर्किल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। स्टैच्यू सर्किल के चारों ओर आठ हाथियों पर शहनाई वादन ने माहौल को खास बना दिया। लोकगीतों पर कलाकारों के नृत्य और 'जयपुर अखिल विश्व से न्यारा' गीत ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इलेक्ट्रॉनिक और मिट्टी के दीपकों से रोशन सर्किल पर भव्य आतिशबाजी ने जश्न को चरम पर पहुंचा दिया।


आज का पंचांग

- शुभ वि. सं. : 2083
- हिजरी सन: 1448
- ऋतु: हेमंत ऋतु
- संवत्सर का नाम: रौद्र
- मास: कार्तिक
- पक्ष: शुक्ल पक्ष
- शाके संवत: 1948
- अयन: सूर्य दक्षिणायन

आज का दिन

गुरुवार, 19 नवंबर, 2026

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति



श्रेष्ठ चौघड़िया: आज शुभ का चौघड़िया सुबह 6.53 से 8.13 बजे तक है। इसके बाद में चर का चौघड़िया का 10.52 से दोपहर 12.12 बजे तक, फिर लाभ-अमृत का चौघड़िया 12.12 से 2.51 बजे तक, शुभ का 4.11 से 5.31 बजे तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

अभिजीत: आज 11.44 से 12.27 बजे तक है।

तिथि: आज नवमी तिथि 7.07 बजे तक रहेगी। इसके बाद में दशमी तिथि रहेगी।

दिशाशूल: दक्षिण दिशा में रहेगा।

चंद्रमा: आज कुंभ राशि में रात 12.50 बजे तक, फिर मीन राशि में रहेगा।

राहु काल: आज दोपहर 1.30 से 3.00 बजे तक रहेगा।

नक्षत्र: पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र संपूर्ण दिन-रात, आगे भी पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र रहेगा।

योग: व्याघात योग सुबह 7.43 बजे तक, फिर हर्षण योग अगले दिन सुबह 6.40 बजे तक, बाद में वज्र योग रहेगा।

शुभाशुभ ज्ञान

श्री हरि जयंती, नवमी तिथि वृद्धि, पंचक, इंदिरा गांधी जयंती, एकता दिवस, रवि योग संपूर्ण दिन-रात।

-पं. अवधेश शर्मा

देवउठनी एकादशी पर घरों से मंदिरों तक होगी विशेष पूजा-अर्चना

4 माह बाद निद्रा से जागेंगे श्रीहरि, तुलसी विवाह के साथ शुरू होंगे मांगलिक कार्य

बेधड़क | जयपुर

चातुर्मास के चार माह बाद एक बार फिर मांगलिक कार्यों की शुरुआत शुक्रवार से होगी। कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु को क्षीरसागर में योगनिद्रा से जगाने की परंपरा निभाई जाएगी। घरों और मंदिरों में शालिग्रामजी को चौकी पर विराजमान कर पूजन किया जाएगा। तुलसी विवाह भी इसी अवसर पर होगा। शंख, घंटे-घड़ियाल बजाकर भगवान को योग निद्रा से जागो देव, उठो देव, बैठो देव पारंपरिक गीत गाकर जगाया जाएगा। वैष्णवजन 21 नवंबर को एकादशी मनाएंगे, जबकि स्मार्त संप्रदाय के श्रद्धालु 20 नवम्बर को मनाएंगे। एकादशी तिथि 20 नवंबर को सुबह 7.15 बजे शुरू होकर 21 नवंबर को सुबह 6.31 बजे तक रहेगी।

मोती डूंगरी गणेशजी के लगा निमंत्रण काड्र्स का अंबार



देवउठनी एकादशी के साथ ही शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है। पहले सावे को लेकर जयपुर के प्रसिद्ध मोती डूंगरी गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश को विवाह के निमंत्रण कार्ड अर्पित करने का सिलसिला तेज हो गया है। मंदिर में बड़ी संख्या में शादी के कार्ड पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि शुभ कार्य का पहला निमंत्रण गणपति बप्पा को दिया जाता है। आषाढ़ शुक्ल एकादशी को भगवान विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं। कार्तिक शुक्ल एकादशी को उनके जागरण का विधान है। भगवान को जगाने के लिए वाल्मीकि रामायण में वर्णित मंगलमंत्र का उच्चारण किया जाता है।

घर पर भी कर सकेंगे जागरण पूजन

एकादशी पर घर में भी भगवान के जागरण का पूजन किया जा सकता है। इसके लिए चौकी पर मंडना बनाकर भगवान के नाम का दीपक जलाएं। चंदन, कुमकुम और अक्षत से पूजन कर घी के दीपक से आरती करें। बाद में भगवान विष्णु की आराधना करें।

सूरजपोल मंदिर में विराजमान है दुर्लभ विग्रह



सूरजपोल स्थित करीब 200 वर्ष प्राचीन लक्ष्मीनारायण मंदिर में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का विशेष विग्रह श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। संत रामानुजदास महाराज के कहने पर हुई खुदाई में यह विग्रह मिला था। करीब साढ़े सात फीट ऊंचे इस विग्रह में माता लक्ष्मी दो स्वरूपों में विराजमान हैं। एक स्वरूप भगवान विष्णु की गोद में और दूसरा कमल पुष्प पर है। यहां हनुमानजी का मंदिर भी है। महंत त्रिविक्रमाचार्य ने बताया कि गोपुष्टि बेला में श्रीकृष्णचंद्र अष्टोत्तरशत माला का जाप कर मंत्रोच्चार के साथ भगवान को जगाया जाएगा।

गौ-सेवा के लिए जुटाए 3.50 लाख रुपए

हरिनाम संकीर्तन के बीच मनाया अन्नकूट महोत्सव



बेधड़क | जयपुर

शिव सत्संग भवन ट्रस्ट जयपुर परिवार की ओर से हरिनाम संकीर्तन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ। 1500 सत्संगी भाई-बहनों ने एक साथ पंगत में बैठकर अन्नकूट प्रसादी मूंग मोठ बाजरा कढ़ी चावल पूड़ी मिक्स सब्जी आदि का लुत्फ उठाया।

हरिनाम संकीर्तन की धुनों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भजनों में लीन नजर आए। सभी सत्संगियों ने एक साथ भोजन कर आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गौ-सेवा के लिए 3 लाख 50 हजार रुपए एकत्रित कर निवाई स्थित स्वामीजी महाराज की गौ-शाला में भेंट किए गए। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी सत्संगियों ने गायों के चारे और पानी की व्यवस्था के लिए आर्थिक सहयोग दिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं बस्सी पंचायत चुनाव प्रभारी आलोक पारीक सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

108 परिक्रमा कर मांगा अक्षय फल

आंवले का पूजन... अखंड सौभाग्य की कामना

बेधड़क | जयपुर

आंवला नवमी पर इस बार आस्था के साथ दान और सेवा का विशेष संयोग देखने को मिला। महिलाओं ने आंवले के वृक्ष की 108 परिक्रमा लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और अखंड सौभाग्य की कामना की।

पूजा के बाद आंवले के वृक्ष को अर्पित की गई 108 वस्तुएं जरूरतमंदों को दान कर पर्व को सेवा से भी जोड़ा। कार्तिक शुक्ल नवमी पर बुधवार को अक्षय नवमी का पर्व मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों और आंवले के वृक्षों के आसपास महिलाओं की आवाजाही शुरू हो गई। विशेष रूप से कार्तिक स्नान करने वाली महिलाओं ने मंगला आरती के समय ही मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और दीपदान किया। पूजा के दौरान जल, दूध, अक्षत, सिंदूर और चंदन अर्पित कर वृक्ष पर मौली बांधी। भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप और आरती के बाद परिक्रमा की। महिलाओं ने पूजा में 108 वस्तुएं अर्पित कर बाद में उन्हें जरूरतमंदों को भेंट किया।



चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर मंदिर में आंवले की पूजा करतीं महिलाएं।

आंवले की पूजा करने से अक्षय पुण्य की होती है प्राप्ति

ज्योतिषाचार्य पं. दिनेश मिश्रा के अनुसार मान्यता है कि आंवला नवमी के दिन ही आंवले के वृक्ष का प्राकट्य हुआ था। इस दिन वृक्ष के नीचे पूजा करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं, ज्योतिषाचार्य पं. पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया कि इस तिथि पर किया गया दान, पूजा, भक्ति और सेवा का पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। इसी कारण इसे अक्षय नवमी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक शुक्ल नवमी से पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के वृक्ष में निवास करते हैं। इसी तिथि को द्वापर युग का आरंभ और भगवान कृष्ण के बाल लीलाएं छोड़कर मथुरा प्रस्थान करने से भी जोड़कर देखा जाता है। इस पर्व को कुष्मांडा नवमी और जगद्धात्री पूजा के नाम से भी जाना जाता है। आंवला नवमी पर गोविंद देवजी मंदिर में मन्माधव गौड़ेश्वराचार्य मानस गोस्वामी ने आंवले के वृक्ष का पूजन किया।

नहर के गणेशजी को लगा अन्नकूट भोग

जयपुर। ब्रह्मपुरी स्थित अतिप्राचीन दक्षिणमुखी नहर के गणेशजी मंदिर में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में हुए आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गणपति के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि सुबह 5.30 बजे मंगला आरती से पहले गणेशजी की पूजा-अर्चना कर उन्हें नवीन पोशाक और साफा धारण करवाया गया। शाम 4 बजे भगवान का विभिन्न पुष्पों से आकर्षक शृंगार कर अन्नकूट की झांकी सजाई गई। इसमें चूरमा, मीठी लापसी, खीर, मूंग, चौला, बाजरा और पूड़ी सहित व्यंजनों का भोग लगाया गया।

जयपुर विकास प्राधिकरण
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

बिड सूचना संख्या: - जविप्रा / वाहन / 2026-27-205484 / डी- 772 दिनांक: 17.11.2026

बोली आमन्त्रण सूचना 05/2016-27

जयपुर विकास प्राधिकरण में वर्ष 2026-27 में राजकार्य सम्पादन हेतु जयपुर शहर व जयपुर शहर से बाहर जाने के लिए एक वर्षीय दर संविदा के लिए अनुमानित लागत 10.00 लाख निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 25.11. 26 व जविप्रा में ऑनलाईन भुगतान दिनांक 25.11.26 को 6.00 बजे तक किया जा सकता हैं। विस्तृत विवरण को, जो कि निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है, अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.JDA2627SSOB00414

निविदादाता को निविदा में भाग लेने हेतु आवश्यक है कि :-

1. जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो। निविदा शुल्क व आर.आई.एस. एल. प्रक्रिया शुल्क केवल ऑनलाईन ही देय होगी। बोली प्रतिभूति ऑनलाईन की जा सकती है।
2. ऑनलाईन निविदा में भाग लेने हेतु राजस्थान सरकार के पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो।

राज.संवाद/सी/26/13388

अतिरिक्त आयुक्त (वाहन)

‘सेवा के 25 साल...’ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत की विकास यात्रा- 05

दुनिया में बढ़ा भारत का दबदबा

मोदी कार्यकाल में अंतरिक्ष की नई उड़ान

भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा है। कभी सीमित संसाधनों के साथ अंतरिक्ष विज्ञान की बुनियादी क्षमताएं विकसित करने वाला भारत आज चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल लैंडिंग करने, सूर्य का अध्ययन करने, अंतरिक्ष में दो यानों की डॉकिंग कराने और भारी उपग्रहों का प्रक्षेपण करने वाले देशों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। इस बदलाव में वैज्ञानिक उपलब्धियों के साथ नीतिगत सुधार, निजी क्षेत्र की भागीदारी और स्वदेशी तकनीक के विकास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्ष 2014 से 2026 के बीच भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम सरकारी अभियानों से आगे बढ़कर एक व्यापक वैज्ञानिक, औद्योगिक और व्यावसायिक इकोसिस्टम के रूप में विकसित हुआ है।



चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तिरंगा, दुनिया में बढ़ा सम्मान

23 अगस्त 2023 भारत के अंतरिक्ष इतिहास का स्वर्णिम दिन बना। इस दिन चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग की। इसके साथ भारत चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश और दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट उतरने वाला पहला देश बना। प्रज्ञान रोवर ने चंद्र सतह पर घूमकर वैज्ञानिक प्रयोग किए और महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाईं। इस उपलब्धि ने भारत की स्वदेशी तकनीकी क्षमता को वैश्विक पहचान दिलाई। इससे पहले मंगलयान ने 2014 में मंगल की कक्षा में पहुंचकर भारत को पहले ही अंतरग्रहीय अभियान में सफलता दिलाई थी। इस मिशन ने अपनी निर्धारित छह महीने की अवधि से कहीं अधिक, आठ साल से ज्यादा समय तक काम किया। चंद्रयान-3 की सफलता ने इस यात्रा को एक नई दिशा दी।

सूर्य के अध्ययन से ब्रह्मांड के रहस्यों तक



2 सितंबर 2023 को भारत ने आदित्य-L1 मिशन लॉन्च कर अंतरिक्ष आधारित सूर्य अध्ययन की दिशा में कदम बढ़ाया। जनवरी 2024 में यह सूर्य-पृथ्वी के बीच लैग्रेंज पॉइंट-1 के आसपास अपनी हेलो कक्षा में स्थापित हुआ। यहां से यह सूर्य के कोरोना, सौर हवाओं और अंतरिक्ष के मौसम का अध्ययन कर रहा है। मिशन से प्राप्त 27 टेराबाइट से अधिक सौर डेटा सार्वजनिक किया जा चुका है। जनवरी 2024 में लॉन्च किया गया एक्सपोसैट भी भारत की वैज्ञानिक क्षमता का महत्वपूर्ण उदाहरण है। यह एक्स-रे पोलरिमेट्री मिशन ब्लैक होल और न्यूट्रॉन तारों जैसे खगोलीय पिंडों का अध्ययन करता है। इसके अलावा एस्ट्रोसैट ने बहु-तरंगदैर्ध्य खगोलीय अध्ययन में भारतीय वैज्ञानिकों को महत्वपूर्ण मंच दिया है। इस तरह भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब पृथ्वी और उपग्रह सेवाओं के साथ ब्रह्मांड के गहन अध्ययन तक फैल चुका है।

स्पेसडेक्स ने खोला अंतरिक्ष में नई संभावनाओं का रास्ता

जनवरी 2025 में भारत ने स्पेसडेक्स मिशन के जरिए बड़ी तकनीकी उपलब्धि हासिल की। इसरो ने अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की स्वचालित डॉकिंग कराई। इसके साथ भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक प्रदर्शित करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। अप्रैल 2025 में दूसरी बार डॉकिंग, अनडॉकिंग और दोनों उपग्रहों के बीच बिजली हस्तांतरण का प्रदर्शन किया गया। यह तकनीक भविष्य के महत्वाकांक्षी अभियानों के लिए आधार तैयार करती है। चंद्रयान-4 में चंद्रमा से नमूने पृथ्वी पर लाने, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण में अंतरिक्ष में अलग-अलग मॉड्यूल को जोड़ने की आवश्यकता होगी। स्पेसडेक्स ने इन अभियानों के लिए जरूरी स्वदेशी तकनीकी क्षमता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

रॉकेट तकनीक में आत्मनिर्भरता और बढ़ती क्षमता

भारत ने अपने प्रक्षेपण यानों की क्षमता और विविधता में भी विस्तार किया है। पीएसएलवी, जीएसएलवी, एलवीएम-3 और एसएसएलवी देश के चार स्वदेशी प्रक्षेपण यान हैं। इनके जरिए पृथ्वी अवलोकन, संचार, नेविगेशन और वैज्ञानिक उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया जा रहा है। जुलाई 2023 से जून 2026 के बीच भारत ने 12 प्रक्षेपण यान मिशन सफलतापूर्वक पूरे किए। इनमें 11 भारतीय और नौ विदेशी उपग्रह शामिल थे। नवंबर 2025 में एलवीएम-3 के जरिए सीएमएस-03 का प्रक्षेपण किया गया।



अंतरिक्ष में मानव की मौजूदगी की तैयारी

भारत के मानव अंतरिक्ष अभियान गगनयान की तैयारियां भी तेजी से आगे बढ़ी हैं। इस मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी प्रक्षेपण यान से करीब 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजने की योजना है। इसके लिए मानव-रेटेड लॉन्च व्हीकल, क्रू मॉड्यूल, जीवन रक्षक प्रणाली और आपातकालीन बचाव व्यवस्था विकसित की जा रही है।

- जून 2025 में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा की। वह अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। 15 जुलाई 2025 को मिशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस दौरान उन्होंने माइक्रोग्रैविटी में सात वैज्ञानिक प्रयोग किए। इस अनुभव से भारत को मानव अंतरिक्ष उड़ान, अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण और वैज्ञानिक प्रयोगों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारी मिली।



- भारत ने 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इसके पहले मॉड्यूल को 2028 तक भेजने की योजना है। चंद्रयान-4 और शुक्रयान जैसे अभियानों के साथ भारत चंद्रमा, शुक्र और गहरे अंतरिक्ष के अध्ययन की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

9 अरब डॉलर की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, निवेश में छह गुना उछाल

अंतरिक्ष क्षेत्र अब भारत की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अगस्त 2026 तक देश की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का मूल्य करीब 9 अरब डॉलर आंका गया है। अगले दशक में इसे 40 से 45 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी निवेश 2021-22 के 100.5 मिलियन डॉलर से बढ़कर मार्च 2026 तक 618.5 मिलियन डॉलर पहुंच गया। यानी कुछ वर्षों में इसमें करीब छह गुना वृद्धि हुई। न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड का राजस्व भी 2021-22 के 321.77 करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 3,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया। जनवरी 2026 तक इन-स्पेस ने इसरो की 71 तकनीकों को उद्योग और स्टार्टअप तक पहुंचाने में मदद की थी। इसके अलावा इसरो की 83 तकनीकों के हस्तांतरण के लिए 118 समझौते किए जा चुके हैं। भारत की अंतरिक्ष सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग भी बढ़ी है। जनवरी 2026 तक भारतीय प्रक्षेपण केंद्रों से विदेशी उपग्रहों के प्रक्षेपण की संख्या 399 तक पहुंच गई थी। 61 देशों और पांच बहुपक्षीय संगठनों के साथ 300 से अधिक अंतरिक्ष सहयोग समझौते भारत की बढ़ती वैश्विक साझेदारी को दर्शाते हैं।

एक स्टार्टअप से 440 तक पहुंचा अंतरिक्ष इकोसिस्टम

मोदी कार्यकाल में अंतरिक्ष क्षेत्र का एक बड़ा बदलाव निजी कंपनियों और स्टार्टअप के लिए अवसरों का विस्तार है। वर्ष 2020 में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोला गया। भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 ने इस व्यवस्था को और मजबूत किया। इन-स्पेस (IN-SPACe) निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित और अधिकृत करता है, जबकि न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) इसरो की तकनीकों और सेवाओं के व्यावसायीकरण का काम करती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2014 में भारत में केवल एक पंजीकृत स्पेस स्टार्टअप था। अगस्त 2026 तक इनकी संख्या बढ़कर करीब 440 हो गई। स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉसमॉस, पिक्सल, ध्रुव स्पेस और बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस जैसी कंपनियां रॉकेट, उपग्रह, पृथ्वी अवलोकन और अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में काम कर रही हैं। फरवरी 2024 में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नियम भी उदार किए गए। उपग्रह निर्माण और संचालन में 74 प्रतिशत, लॉन्च व्हीकल और स्पेसपोर्ट गतिविधियों में 49 प्रतिशत तथा उपग्रह और ग्राउंड सेगमेंट के कुछ घटकों में 100 प्रतिशत तक स्वचालित मार्ग से विदेशी निवेश की अनुमति दी गई। जुलाई 2026 तक निजी संस्थाओं को 105 प्राधिकरण दिए जा चुके थे।

संपादन एवं संकलन: रघुवीर जांगिड़

“



पीएम नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत का तकनीकी उदय बेरोकटोक जारी है। चंद्रयान और गगनयान जैसी सफलताएं दशकों की कड़ी मेहनत और मौजूदा सरकार के दृढ़ संकल्प का परिणाम हैं।

- भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री

“



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन बेहद स्पष्ट है। अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों ने हमारे लिए प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप्स के रास्ते खोल दिए हैं। आज भारत सिर्फ उपग्रह लॉन्च करने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम डीप स्पेस एक्सप्लोरेशन (गहरे अंतरिक्ष की खोज) की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रहे हैं।

- डॉ. एस. सोमनाथ, इसरो अध्यक्ष

“



हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निरंतर और अटूट समर्थन के लिए उनके बेहद आभारी हैं। जब भी इसरो कोई बड़ा कदम उठाता है, देश का शीर्ष नेतृत्व हमारे साथ चट्टान की तरह खड़ा रहता है, जिससे वैज्ञानिकों का हौसला दोगुना हो जाता है।

- एम. शंकरन, वरिष्ठ इसरो वैज्ञानिक

“



भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। हम न केवल बेहद कम लागत में दुनिया के सबसे सटीक मिशन कर रहे हैं, बल्कि भविष्य की स्पेस इकोनॉमी में वैश्विक नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

- डॉ. पी. वीरामुथुवेल, चंद्रयान-3 के प्रोजेक्ट डायरेक्टर

थुम्बा से अंतरिक्ष स्टेशन तक का सफर

21 नवंबर 1963 को केरल के थुम्बा से पहला साउंडिंग रॉकेट लॉन्च करने के साथ भारत की संगठित अंतरिक्ष यात्रा शुरू हुई थी। आज वही देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतर चुका है, सूर्य का अध्ययन कर रहा है और अंतरिक्ष में मानव की स्थायी मौजूदगी की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में वैज्ञानिक मिशनों के साथ निजी निवेश, स्टार्टअप, तकनीक हस्तांतरण और वैश्विक साझेदारी को भी नई गति मिली है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब केवल उपलब्धियां हासिल करने तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरिक्ष तकनीक में आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रही है।

पंजाब में रेलवे ट्रेक पर धमाके का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 26 अप्रैल को पंजाब में रेलवे लाइन पर हुए धमाके के मुख्य आरोपी एवं प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' (केजेडएफ) से जुड़े सुरिंदर सिंह उर्फ ठिकरीवाल को अमेरिका से निर्वासित होकर लौटने के बाद बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। संघीय एजेंसी ने एक बयान में बताया कि ठिकरीवाल को अमेरिकी अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। एनआईए के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों के साथ समन्वय की वजह से ठिकरीवाल का निर्वासन संभव हुआ।

भारत-ओमान में सुरक्षा व समुद्री सहयोग पर चर्चा

मस्कट। भारत और ओमान ने 11वें रणनीतिक संवाद के दौरान सुरक्षा, आतंकवाद-विरोधी प्रयासों, ऊर्जा और समुद्री मामलों में सहयोग को मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को यह जानकारी दी। दूतावास के मुताबिक, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर ने मंगलवार को ओमान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महासचिव मेजर जनरल इदरीस अब्दुल रहमान अल किंडी के साथ बातचीत की। दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि दोनों पक्षों ने शांति और स्थिरता को प्रभावित करने वाले क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने करीबी तालमेल बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

CJI पर टिप्पणी मामले में वकील को अवमानना नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले एक वकील के विरुद्ध अवमानना कार्रवाई का अनुरोध करने वाली 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' की याचिका पर बुधवार को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश दीपांकर दत्ता, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची और न्यायाधीश वी. मोहना की तीन सदस्यीय पीठ ने वकील से जवाब मांगा।

जमानत मिलने के बाद आजम खान जेल से रिहा

गाजियाबाद (उप्र)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को धनशोधन मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के एक दिन बाद बुधवार शाम गाजियाबाद की डासना जिला जेल से रिहा कर दिया गया। अधिवक्ता मोहम्मद यासिर अब्बासी ने बताया कि अदालत ने बुधवार दोपहर उनकी रिहाई का आदेश जारी कर दिया।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का बढ़ेगा दायरा

सरकारी अस्पतालों में जल्द ही मिलेगा 112 बीमारियों का इलाज

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत सरकारी अस्पतालों के लिए आरक्षित उपचार पैकेज की संख्या 23 से बढ़ाकर 112 करने की योजना बना रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित विस्तार में मुख्य रूप से ऐसी सामान्य बीमारियों के उपचार पर ध्यान दिया गया है जिनका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, विशेषकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपमंडलीय अस्पतालों में प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकता है। इस कदम से लाभार्थियों को वे स्वास्थ्य सेवाएं उनके घर के



करीब उपलब्ध कराना जिनकी उन्हें अक्सर जरूरत पड़ती है और दूसरा, मौजूदा बुनियादी ढांचे के अधिक इस्तेमाल एवं अतिरिक्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराकर सरकारी अस्पतालों को मजबूत बनाना। एनएचए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इनमें से कई उपचार सरकारी अस्पतालों में पहले से उपलब्ध बुनियादी ढांचे, उपकरणों और प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों की मदद से किए जा सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि राज्यों को अपने यहां उपलब्ध बुनियादी ढांचे, विशेषज्ञ चिकित्सकों और अन्य आवश्यक सुविधाओं के आधार पर आरक्षित उपचार पैकेज की संख्या कम करने की छूट होगी।

1 दिसंबर से लागू हो सकती है संशोधित व्यवस्था

सूत्रों के अनुसार एनएचए ने 13 अक्टूबर को एक कार्यालय ज्ञापन जारी कर राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों से प्रस्तावित सूची की समीक्षा करने और 25 नवंबर तक अपने सुझाव देने को कहा था। सूत्रों ने बताया कि राज्यों से मिले सुझावों पर विचार करने के बाद संशोधित व्यवस्था एक दिसंबर से लागू करने का प्रस्ताव है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 2019 से प्रसूति एवं स्त्री रोग तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विशेषज्ञ सेवाओं के 23 उपचार पैकेज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए आरक्षित हैं। इसके बाद कई राज्यों ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता के आधार पर अतिरिक्त पैकेज भी आरक्षित किए हैं।

इलाज के 89 अतिरिक्त पैकेज की पहचान, नई बीमारियां शामिल

सूत्रों ने बताया कि एनएचए ने सामान्य रूप से आवश्यक चिकित्सा और शल्य चिकित्सा से जुड़े 89 अतिरिक्त उपचार पैकेज की पहचान की है जिन्हें शामिल करने के बाद पैकेज की कुल प्रस्तावित संख्या 112 हो जाएगी। इनमें खून की गंभीर कमी (एनीमिया), तेजी से बढ़ने वाला उच्च रक्तचाप, गंभीर ब्रोंकाइटिस (श्वासनलियों में सूजन), दस्त, पेचिश, आंत्रशोथ (पेट और आंतों में सूजन), मूत्र मार्ग में संक्रमण, गुर्दे की पथरी के कारण होने वाला तेज दर्द, अचानक बुखार आने से जुड़ी बीमारियों और मधुमेह से जुड़ी कुछ जटिलताओं के उपचार शामिल हैं। प्रस्तावित सूची में गर्भाशय निकालने की शल्य चिकित्सा, बायोप्सी (जांच के लिए ऊतक का नमूना लेना), हाइड्रोसील (अंडकोष के आसपास तरल पदार्थ जमा होना), बवासीर, गांठ और लिपोमा (चर्बी की गांठ) के उपचार जैसी प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा मधुमेह के कारण आंखों के पर्दे पर पड़ने वाले असर (डायबिटिक रेटिनोपैथी) और ग्लूकोमा (काला मोतिया) की जांच भी इसमें शामिल है। एनएचए के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत पात्र लाभार्थियों को नकदी रहित उपचार उपलब्ध कराने के बदले सरकारी अस्पतालों को खर्च की प्रतिपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि इस राशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, चिकित्सा उपकरण खरीदने, दवाओं और उपचार में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने, परिचालन खर्चों को पूरा करने और अतिरिक्त स्वास्थ्य पेशेवरों की सेवाएं लेने के लिए किया जा सकता है।

विदेश मंत्री का भारत-जापान के बीच मजबूत साझेदारी पर जोर

आर्थिक संसाधनों का हथियार की तरह हो रहा इस्तेमाल: जयशंकर

एजेंसी | टोक्यो

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यापार, प्रौद्योगिकी और वित्त को हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच भारत और जापान के आर्थिक एवं रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग मजबूत करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कुछ चुनिंदा आपूर्ति शृंखलाओं पर अत्यधिक निर्भरता से पैदा होने वाले जोखिमों का बदलते वैश्विक परिदृश्य के मुख्य पहलुओं के रूप में जिक्र किया।

जयशंकर बुधवार को यहां तीसरे 'रायसीना टोक्यो' संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों के कारण हिंद-प्रशांत क्षेत्र को कुछ विशेष चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध दो प्रमुख देशों के रूप में भारत और जापान को अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए चयन की स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने, विकास एवं स्थिरता को बढ़ावा देने और साझेदार देशों के मजबूत बनने तथा भरोसेमंद सहयोग को गहरा करने में मदद करने की जरूरत



सुरक्षा संवाद रायसीना टोक्यो- 2026 के उद्घाटन के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ।

है। जयशंकर भारत और जापान के बीच चौथी विदेश और रक्षा मंत्री स्तरीय (2+2) बातचीत में हिस्सा लेने के लिए टोक्यो में हैं। वे गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी तथा रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी के साथ इस बातचीत की सह-अध्यक्षता करेंगे।

जयशंकर ने कहा, चाहे संसाधन हों या तेल-गैस, बाजार तक पहुंच हो या प्रौद्योगिकी या फिर वित्त ही क्यों न हो, संबंधित पक्षों ने वैश्विक आर्थिक गतिविधि के हर पहलू का खुले तौर पर हथियार के रूप में इस्तेमाल शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, भौतिक हों या डिजिटल, महत्वपूर्ण मार्ग और प्रवेश द्वार भी अब रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन गए हैं। दुर्भाग्य से नियमों, मानदंडों और मान्यताओं का दौर तेजी से खत्म हो रहा है।

जयशंकर ने विभिन्न देशों में जोखिम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा कि अत्यधिक प्रतिस्पर्धा और शुरुआती बढ़त को ठोस नतीजों में बदलने की चाहत अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे बदलावों को आकार दे रही है। जोखिम कम करने और आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाने की प्रवृत्ति इन घटनाक्रमों के स्वाभाविक परिणाम के रूप में उभरी है।

रक्षा निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि: राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जापान के योकोसुका में जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के नौसैनिक अड्डे के दौरे के दौरान जापान के रक्षा मंत्री शिनजिरो कोइजुमी के साथ।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र अब आत्मनिर्भरता से आगे बढ़कर अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में बढ़ रहा है, और रक्षा उत्पादन तथा निर्यात अभूतपूर्व गति से बढ़ रहे हैं। सिंह ने कहा कि थल सेना, नौसेना और वायु सेना की बढ़ती क्षमताओं के साथ-साथ स्वदेशी रक्षा निर्माण, भारत की रक्षा ताकत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। सिंह ने कहा, आज भारत बड़े पैमाने पर रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है, जबकि देश का रक्षा उत्पादन अभूतपूर्व गति से बढ़ रहा है। घरेलू रक्षा उत्पादन 1.80 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गया है, जो एक दशक पहले 48,000 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात 600 करोड़ रुपए से बढ़कर 38,000 करोड़ रुपए के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो भारत की बढ़ती स्वदेशी क्षमताओं और वैश्विक रक्षा बाजार में इसके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू

भीषण चक्रवाती तूफान 'अकवान' ने अब बदली दिशा



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आर के तट पर बुधवार सुबह समुद्र में उठती ऊंची लहरें चट्टानों से टकराती दिखीं।

कल टकरा सकता है तट से

एजेंसी | भुवनेश्वर

भीषण चक्रवाती तूफान 'अकवान' ने अपनी दिशा बदल ली है तथा अब इसके 20 नवंबर को आंध्र प्रदेश के नरसापुर और ओडिशा के पुरी के बीच तट से टकराने की संभावना है। इसके मद्देनजर ओडिशा सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार सुबह पूर्वानुमान जताया था कि चक्रवात 20 नवंबर को दोपहर के आसपास आंध्र प्रदेश के नेल्लोर एवं विशाखापत्तनम के बीच तट से भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में टकराएगा और हवा की अधिकतम निरंतर गति 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा रहने और झोंकों की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि, विभाग ने दोपहर में अपना पूर्वानुमान बदलते हुए कहा कि चक्रवात नरसापुर और पुरी के बीच तट से टकराएगा तथा इस दौरान हवा की अधिकतम निरंतर गति 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात की गति सुबह के तीन किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़कर सात किलोमीटर प्रति घंटा होने के बीच ओडिशा के आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा, हमें चक्रवात की बदलती दिशा को ध्यान में रखते हुए उसी के अनुसार तैयारियां करनी होंगी।

नागरिकता से पहले सोनिया का नाम मतदाता सूची में होने का आरोप

कोर्ट ने पुलिस से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को पुलिस से उस शिकायत पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) मांगी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का नाम 1983 में उन्हें भारतीय नागरिकता मिलने से तीन साल पहले ही मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद जोशी ने कहा कि यह कार्रवाई एक सत्र न्यायालय के निर्देशों के तहत की जा रही है। सत्र न्यायालय ने 21 सितंबर को मजिस्ट्रेट द्वारा पूर्व में सोनिया गांधी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच का आदेश देने



से इनकार किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था और मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए वापस भेज दिया था। मजिस्ट्रेट ने सत्र न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा, एसीजेएम संबंधित पुलिस थाने और संबंधित पुलिस अधिकारी या अधिकारियों से शिकायत पर एक वास्तुस्थिति रिपोर्ट मांगेंगे। मजिस्ट्रेट ने कहा कि पुनरीक्षण न्यायालय ने यह भी कहा था कि 'कार्यवाही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 175(3) (जिसके तहत मजिस्ट्रेट यदि शिकायत से संज्ञेय अपराध इंगित हो तो प्रकरण की जांच का आदेश दे सकते हैं और प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं) का सख्ती से पालन करते हुए की जानी चाहिए, साथ ही, कोई भी आदेश दर्ज करने से पहले उचित जांच की जानी चाहिए और पुलिस अधिकारी का पक्ष भी सुना जाना चाहिए। उन्होंने इस निर्देश का उल्लेख किया कि एसीजेएम को आरोपों से किसी संज्ञेय अपराध के सामने आने (या न आने) के संबंध में एक तर्कपूर्ण आदेश पारित करना होगा।

नीट प्रश्न पत्र मामले में आरोप तय करने का दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने नीट के प्रश्न पत्र लीक मामले में बुधवार को 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया। विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने सभी आरोपियों को औपचारिक रूप से 21 नवंबर को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और साक्ष्य नष्ट करने समेत विभिन्न अपराधों के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि मामले की सुनवाई 25 नवंबर से प्रतिदिन के आधार पर शुरू की जाएगी।

बांग्लादेश: शेख हसीना के गृह नगर में हिंसा



ढाका। *बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के गृह नगर गोपालगंज और आसपास के इलाकों में सत्तारूढ़ दल के एक स्थानीय नेता की मौत के बाद मंगलवार रात फिर हिंसा भड़क गई। इस दौरान कुछ लोगों ने एक पुलिस थाने और सत्तारूढ़ दल के एक सांसद के घर में आग लगा दी। चित्र में बांग्लादेश के गाजीपुर में बुधवार को ज्यादा वेतन की मांग कर रहे गारमेंट वर्करों के प्रदर्शन के दौरान जलता नजर आ रहा पुलिस का एक वाहन।*

2020 में दुनिया भर में 2.27 अरब ईसाई, 2.02 अरब मुसलमान थे

ईसाई धर्म को 2035 तक पीछे छोड़ सकता है इस्लाम

एजेंसी | न्यूयॉर्क

प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा बुधवार को जारी विस्तृत अनुमानों के अनुसार, 2035 तक इस्लाम के दुनिया के सबसे बड़े धर्म के रूप में ईसाई धर्म को पीछे छोड़ देने की संभावना है। पिछले 25 वर्षों से धार्मिक जनसांख्यिकी पर प्रमाणिक रिपोर्ट जारी कर रहे प्यू ने कहा कि इस्लाम और ईसाई धर्म दोनों ही बढ़ रहे हैं, लेकिन इस्लाम कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। प्यू के अनुसार, इसका एक मुख्य कारण यह है कि अन्य प्रमुख धार्मिक समूहों की तुलना में मुसलमानों के बच्चों की संख्या आमतौर पर अधिक होती है। प्यू के वरिष्ठ जनसांख्यिकी विशेषज्ञ कॉनराड हैकेट ने कहा,



फाइल फोटो।

यह बच्चों की वजह से है। उन्होंने समझाया कि धर्म परिवर्तन या धार्मिक पहचान बदलने के अन्य तरीकों की तुलना में, प्रजनन दर कहीं अधिक बड़ा कारक है।

मुसलमानों में प्रजनन दर प्रति महिला 3.1

प्यू के अनुसार, 2020-2025 के दौरान मुसलमानों में प्रजनन दर प्रति महिला 3.1 बच्चे थी, जबकि ईसाइयों में यह दर 2.5 थी। अन्य सभी महिलाओं के लिए औसत प्रजनन दर 1.6 थी, जो 2.1 के उस स्तर से कम है जिसे हर पीढ़ी के खुद को प्रतिस्थापित करने के लिए आवश्यक माना जाता है। प्यू के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, 2020 में दुनिया भर में 2.27 अरब ईसाई और 2.02 अरब मुसलमान थे। प्यू के नए अनुमानों के मुताबिक, 2035 तक मुसलमानों की संख्या 2.57 अरब और ईसाइयों की संख्या 2.52 अरब हो जाएगी। अगर मौजूदा रुझान जारी रहे, तो 2070 तक दुनिया भर में मुसलमानों की संख्या 3.6 अरब से ज़्यादा होगी, जबकि ईसाइयों की संख्या तीन अरब से थोड़ी कम होगी।

2070 तक 29 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी अबादी

प्यू के अनुसार, 2020 से 2070 के बीच दुनिया की आबादी में 29 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। जिन धार्मिक समूहों का विश्लेषण किया गया, उनमें से केवल मुसलमान और ईसाई ही ऐसे समूह हैं जिनकी आबादी में इसी दर से या उससे अधिक वृद्धि होने की उम्मीद है; अनुमान के मुताबिक ईसाइयों की संख्या में 30 प्रतिशत और मुसलमानों की संख्या में 80 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

अमेरिका में 40 साल में ईसाइयों का बहुमत हो जाएगा खत्म

अगले 40 वर्षों में अमेरिका में ईसाइयों का बहुमत नहीं रहेगा। प्यू के अनुसार, अभी कुल आबादी में ईसाइयों की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत है, जो 2065 तक घटकर 50 प्रतिशत से कम हो जाएगी। प्यू के अनुसार, पड़ोसी देश कनाडा में 2030 तक ईसाइयों की संख्या 50 प्रतिशत से नीचे आ जाने की उम्मीद है। दोनों देशों में, इस गिरावट का एक बड़ा कारण उन लोगों की संख्या में होने वाली वृद्धि है, जिनका किसी धर्म से कोई जुड़ाव नहीं है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

अहमदाबाद विमान हादसे की जांच अंतिम चरण में

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अहमदाबाद में जून 2025 में हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच अंतिम चरण में है। इस हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची और न्यायाधीश वी. मोहना की पीठ से कहा, ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम जानबूझकर इसमें देरी करें। उन्होंने पीठ से सुनवाई दो से तीन सप्ताह के लिए स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि जांचकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल का पालन करना है। पीठ ने उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया। मामले में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि जांच की अंतिम रिपोर्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने मामले की जल्द सुनवाई का अनुरोध किया। इस साल 28 जुलाई को पीठ को बताया गया था कि 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में हुए एआई-171 विमान हादसे की जांच कर रहे विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की मसौदा अंतिम रिपोर्ट अक्टूबर के पहले सप्ताह में सीलबंद लिफाफे में उसके समक्ष पेश की जाएगी। अदालत इस मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें मृत पायलट के पिता पुष्कर राज सभरवाल और गैर-सरकारी संगठन 'सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन' की याचिकाएं शामिल हैं।

सच बेधड़क INSIGHT: ट्रंप, पुतिन व शी जिनपिंग की आज की मुलाकात के नतीजों पर टिकी है दुनिया की नजर

खुलेगी शांति की नई राह या शुरू होगी चौधराहट की नई होड़

मनीला में मंगलवार को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद यानी क्वाड की बैठक के बाद गुरुवार को चीन के शेनझेन शहर में दुनिया की तीन महाशक्तियों अमेरिका, रूस और चीन की अहम बैठक हो रही है, जिस पर पूरी दुनिया की नजर टिकी है। कूटनीतिक क्षेत्रों में इस बैठक को जी-3 नाम दिया जा रहा है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब दुनिया अनिश्चितता और आशंकाओं के दौर से गुजर रही है। इन तीनों महाशक्तियों में से दो रूस और अमेरिका खुद युद्ध में उलझे हुए हैं।

अमेरिका पश्चिम एशिया में ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में फंसा है तो रूस यूक्रेन के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। इसलिए अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस बैठक के बाद क्या कोई शांति का रास्ता निकलेगा या फिर चौधराहट की नई होड़ शुरू हो जाएगी। ये तीनों नेता शेनझेन में एपेक देशों की बैठक में शामिल होंगे और उससे इतर खुद भी बैठक करेंगे। ऐसे में तीनों महाशक्तियों के एक मंच पर आने का महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। ये तीनों महाशक्तियां अपने-अपने हितों और रणनीतियों के साथ अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभाती हैं।

अमेरिका व चीन के बीच दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति होने की होड़ मची है। इस बैठक को लेकर आधिकारिक तौर किसी एजेंडे की घोषणा नहीं हुई। लेकिन तीनों देश अपने अपने राष्ट्रीय हितों को आगे रखकर बिना किसी एजेंडे के आगे बातचीत आगे बढ़ा सकते हैं।

जी-3 के नए समीकरण साधने की जुगत में राष्ट्रपति ट्रंप



चीन के शेनझेन में एपेक शिखर सम्मेलन के दौरान स्वागत भोज से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अन्य नेताओं के साथ।

एजेंडा तय नहीं, पर इन मुद्दों पर बातचीत तय

परमाणु सुरक्षा, पश्चिम एशिया की स्थिति, यूक्रेन युद्ध, व्यापार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ऊर्जा सुरक्षा आदि।

क्या चाहती हैं तीन महाशक्तियां



रूस की रणनीति

- यूक्रेन युद्ध को अपनी शर्तों पर समाप्त करना, जिसमें यूक्रेन के उसके कब्जे वाले इलाके उसी के पास रहें।
- 'यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं हो।
- अमेरिका और पश्चिमी देशों के मॉस्को खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध हटाने का प्रयास।



चीन का एजेंडा

- अमेरिका के साथ व्यापार पर चर्चा। दोनों देश एक दूसरे के बड़े व्यापारिक भागीदार हैं।
- व्यापार युद्ध की स्थिति बनने से रोकना।
- परमाणु हथियार कम करने के लिए चीन तैयार नहीं।



अमेरिका की योजना

- ईरान से युद्ध में खुद को विजेता घोषित कर बाहर निकलना।
- चीन और रूस को ईरान की सैन्य व आर्थिक मदद से रोकना।
- परमाणु हथियार सीमित करने के लिए नए समझौते की पहल करना।

भारत को निर्गुट जी-3 की उम्मीद



पीएम नरेंद्र मोदी एससीओ की शिखर बैठक में भाग लेने चीन गए, तब उनकी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात हुई थी। इसी तरह पुतिन व शी जिनपिंग के ब्रिक्स शिखर बैठक में भाग लेने भारत आने पर तीनों नेताओं की मुलाकात हुई थी, लेकिन तब इनको लेकर किसी गुट की अटकलें नहीं लगाई गई थी।

कई वैश्विक मसलों पर हैं अलग-अलग अवधारणा

तीनों देशों की बैठक के लिए संभावित रणनीति के अलावा कुछ वैश्विक मुद्दे ऐसे भी हैं जिन पर ये तीनों देश बातचीत करना चाहेंगे। हालांकि कई वैश्विक मामलों में तीनों देशों के रणनीतिक हित एक-दूसरे से टकराते हैं। अमेरिका और रूस के पास दुनिया के सबसे बड़े परमाणु हथियार भंडार हैं, जबकि चीन भी तेजी से अपनी परमाणु क्षमता बढ़ा रहा है। अमेरिका चाहता है कि भविष्य में परमाणु हथियारों को सीमित करने वाली किसी नई व्यवस्था में चीन भी शामिल हो। लेकिन चीन का तर्क है कि उसके परमाणु हथियारों की संख्या अमेरिका और रूस की तुलना में काफी कम है।

G-3 भारत के लिए बन सकता है चुनौती!

अमेरिका, चीन व रूस की यह बैठक भारत के लिए कूटनीतिक व आर्थिक दृष्टि से बहुत अहम है। रूस भारत का करीबी सैन्य सहायता सहयोगी है और अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक भागीदार है। चीन भी भारत का प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, लेकिन दोनों देशों के रिश्ते सीमा विवाद के कारण असहज हैं। इसलिए यदि तीनों देश एक मंच पर आकर यदि साझा एजेंडे के तहत आगे बढ़ते हैं तो भारत के लिए मुश्किल पैदा हो सकती है। हालांकि इसके आसार बहुत कम हैं। क्योंकि तीनों के हित अलग अलग हैं।

नए समीकरण बढ़ा सकते हैं मुश्किलें

- भारत और रूस के बीच रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और परमाणु सहयोग के मजबूत संबंध हैं। लेकिन रूस की चीन पर बढ़ती आर्थिक और रणनीतिक निर्भरता भारत के लिए चिंता का विषय है।
- चीन दक्षिण एशिया और हिंद महासागर क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। यदि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, तकनीक और सुरक्षा के मुद्दों पर कोई बड़ी समझ बनती है तो भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके रणनीतिक हित प्रभावित न हों।

प. एशिया की स्थिति को लेकर फंसा है पेंच

ईरान, इजराइल सहित इस पूरे पश्चित एशिया क्षेत्र में जारी तनाव से तेल की कीमतों में वृद्धि से पूरी दुनिया संभावित ऊर्जा संकट से चिंतित है। इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस और चीन के अपने-अपने रणनीतिक और आर्थिक हित हैं। चीन और रूस ईरान के करीबी सहयोगी हैं और माना जाता है कि वे ईरान के मिसाइल कार्यक्रम में भी सहयोग करते हैं। चीन और रूस दोनों ही इस क्षेत्र में अपनी भूमिका को और मजबूत करना चाहते हैं।

क्या बदल जाएगा वर्ल्ड ऑर्डर?

इस बैठक को लेकर सबसे अहम सवाल यह उठ रहा है कि क्या तीनों देश अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र का बंटवारा कर लेंगे और दुनिया को अपने हिसाब से चलाएंगे या फिर दुनिया बहुध्रुवीय बनने की ओर आगे बढ़ती रहेगी। भारत बहुध्रुवीय दुनिया का हिमायती है। 1991 में तत्कालीन सोवियत संघ के टूटने के बाद अमेरिका का वैश्विक प्रभाव सबसे ज्यादा बढ़ा। लेकिन बाद के दशकों में चीन की आर्थिक व सैन्य ताकत बहुत बढ़ी है। रूस ने भी अपनी सैन्य और सामरिक भूमिका बनाए रखी है। भारत, यूरोपीय संघ, जापान और अन्य क्षेत्रीय शक्तियों का प्रभाव भी बढ़ रहा है।

कंटेंट: गजानंद शर्मा

बराक मिसाइल इजराइल की मदद से होगी अपग्रेड

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय नौसेना के लिए बराक विशिष्ट रक्षा मिसाइल प्रणाली के उन्नयन (अपग्रेड) और पुराने हो चुके पुर्जों के प्रबंधन के लिए इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के साथ करीब 1,976 करोड़ रुपए का एक अनुबंध किया। अधिकारियों ने बताया कि प्रणाली के उन्नयन से भारतीय नौसैनिक पोतों में बेहतर विशेषताओं के साथ 'लंबी दूरी तक मार करने वाली वायु रक्षा क्षमता' सुनिश्चित होगी।

इंडिगो ने सऊदी अरब के लिए उड़ानें 30 तक रद्द कीं

नई दिल्ली। इंडिगो ने मौजूदा सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सऊदी अरब के शहरों के लिए आने-जाने वाली उड़ानों को 30 नवंबर तक रद्द रखने का फैसला किया है। इससे पहले एयरलाइन ने जेद्दा और मदीना से आने-जाने वाली उड़ानें 21 नवंबर तक रद्द की थीं। रियाद और दम्माम की उड़ानें 30 नवंबर तक रद्द थीं। इंडिगो ने बुधवार को कहा, जेद्दा, मदीना, रियाद और दम्माम से आने-जाने वाली सभी उड़ानें 30 नवंबर तक रद्द कर दी गई हैं।

तोड़ा प्रोटोकॉल, सोवियत नेता ख्रुश्चेव के बाद पहली बार ऐसा स्वागत

जिनपिंग ने ट्रंप की हवाई अड्डे पर गले लगाकर की अगवानी

एजेंसी | बीजिंग/शेनझेन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को चीन के शेनझेन शहर पहुंचे, जहां राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हवाई अड्डे पर उन्हें गले लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। चीन के शीर्ष नेता की ओर से सार्वजनिक रूप से इस तरह स्नेह जताने का यह दुर्लभ मौका था।

सितंबर में वाशिंगटन यात्रा के दौरान ट्रंप की ओर से हवाई अड्डे पर किए गए स्वागत के जवाब में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हवाई अड्डे पर पहुंचकर अमेरिकी राष्ट्रपति की अगवानी की। करीब सात दशक पहले चीन के जनवादी गणराज्य के संस्थापक माओत्से तुंग ने तत्कालीन सोवियत नेता निकिता ख्रुश्चेव का इसी तरह का स्वागत किया था। उसके बाद किसी चीनी नेता द्वारा किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का इस तरह स्वागत किए जाने का यह पहला मौका है। बाद में जिनपिंग और ट्रंप ने करीब 20 मिनट तक एक-दूसरे से शिष्टाचार भेंट की और अमेरिकी राष्ट्रपति के स्वागत में उड़ान भर रहे चीनी जे-10सी लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन को देखा। ट्रंप बुधवार को शुरू हुई एपेक के नेताओं की बैठक में हिस्सा लेने के लिए फिलीपींस से शेनझेन पहुंचे। वे गुरुवार को शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ त्रिपक्षीय बैठक में भी शामिल होंगे।



चीन के शेनझेन में बाओआन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्वागत करते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग।



चीन के शेनझेन में एपेक शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन (बाएं) और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग हाथ मिलाते हुए।

पुतिन का स्वागत करने पहुंचे जिनपिंग के सहयोगी

ट्रंप के जोरदार स्वागत के बिल्कुल विपरीत, इससे पहले पुतिन की अगवानी शी जिनपिंग के करीबी सहयोगी और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की शक्तिशाली स्थायी समिति के सदस्य काई ची ने की। चीनी अधिकारियों ने कहा कि यह भी एक दुर्लभ कदम था, क्योंकि पार्टी के शीर्ष नेता आमतौर पर हवाई अड्डे पर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों की अगवानी नहीं करते हैं।

पुतिन-शी की बैठक में बहुध्रुवीय विश्व पर जोर

इस बीच, ट्रंप की त्रिपक्षीय बैठक से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एपेक फोरम के दौरान शेनझेन में शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। बैठक के दौरान, पुतिन ने मौजूदा भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए रूस और चीन द्वारा एक अधिक निष्पक्ष 'बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था' बनाने की दिशा में काम करने पर जोर दिया। पुतिन ने कहा, रूस और चीन चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक हालात के बीच एक अधिक निष्पक्ष बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने के लिए काम कर रहे हैं। रूस और चीन के बीच विदेश नीति के संबंध स्थिर हैं और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

ईरान ने खाड़ी देशों पर बढ़ाए हमले

कुवैत में अमेरिकी हवाई अड्डे पर हमला, बहरीन भी निशाने पर

एजेंसी | काहिरा

पश्चिम एशिया में संघर्ष का खतरा बढ़ता जा रहा है। ईरान ने बुधवार को खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों पर हमले तेज करते हुए कुवैत में एक अमेरिकी हवाई अड्डे और बहरीन पर कई हमले किए। ये हमले एक दिन पहले अमेरिका की ओर से की गई सैन्य कार्रवाई के जवाब में किए गए प्रतीत होते हैं। करीब दो महीने तक ऐसे हमले रोके रहने के बाद ईरान ने हाल के दिनों में बहरीन स्थित अमेरिकी ठिकानों को बार-बार निशाना बनाया है। फारस की खाड़ी में स्थित इस छोटे द्वीपीय देश में अमेरिकी नौसेना का पांचवां बेड़ा तैनात है।

बुधवार तड़के हुए ये हमले अमेरिका के एक लड़ाकू विमान द्वारा मंगलवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थित कश्म द्वीप पर रिवोल्यूशनरी गार्ड के मिसाइल प्रक्षेपण स्थल को निशाना बनाए जाने के बाद हुए। अमेरिका ने यह हमला मंगलवार को इससे पहले बहरीन में अमेरिकी रडार प्रतिष्ठान पर ईरान के हमले के जवाब में किया था।



लाइबेरियाई टैंकर पर हमला, चालक दल में तीन भारतीय शामिल

नई दिल्ली। फारस की खाड़ी में होर्मुज जलडमरूमध्य के नजदीक पहुंचने पर लाइबेरियाई ध्वज वाले कच्चे तेल के टैंकर एमटी नेविगेज8 मेस्सी पर बुधवार को मिसाइल से हमला किया गया। इस जहाज पर सवार चालक दल में तीन भारतीय शामिल हैं। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि तीनों भारतीय नागरिक और पूरा चालक दल सुरक्षित है। किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। मंत्री ने बताया कि एक भारतीय अधिकारी को चिकित्सीय जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन पर भारत ने औद्योगिक देशों को घेरा

विकासशील देशों को किया जा रहा है दंडित: यादव

■ तुर्किए में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन

एजेंसी | अंताल्या (तुर्किए)

भारत ने बुधवार को सीओपी 31 में समान वैश्विक जलवायु कार्रवाई का आह्वान करते हुए कहा कि विकासशील देशों से ऐतिहासिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का बोझ उठाने की उम्मीद करना अनुचित है। यहां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी 31) में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि धरती का बढ़ता तापमान (ग्लोबम वार्मिंग) कुछ देशों में दो सदियों के औद्योगीकरण और आर्थिक विकास का परिणाम है तथा यह औद्योगीकरण एवं आर्थिक विकास अनवरत उत्सर्जन की बुनियाद पर ही टिका रहा है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों से यह नहीं कहा जा सकता कि वे जलवायु कार्रवाई तथा विकास, बेहतर जीवन स्तर, स्वास्थ्य व शिक्षा के अपने जायज अधिकारों में से किसी एक को चुनें।

यादव ने एकतरफा व्यापार कदमों की ओर इशारा करते हुए ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को लेकर कार्रवाई की आड़ में विकासशील देशों को दंडित किया जा रहा है। उन्होंने विकसित देशों से अपील की कि वे अपनी जलवायु वित्त संबंधी जिम्मेदारियों को 'ईमानदारी और तत्परता' से पूरा करें।



तुर्किए में पर्यावरण पर सम्मेलन में भाग लेते केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव।

कार्बन बजट के समान बंटवारे से समझौता नहीं

यादव ने कहा कि बचे हुए कार्बन बजट की समान सुलभता एक ऐसी शर्त है, जिससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। सीओपी के फैसलों और उनके क्रियान्वयन का आधार पूरी तरह से समानता और सीबीडीआर-आरसी (साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियां और संबंधित क्षमताएं) पर टिका होना चाहिए।

भारत का योगदान लक्ष्य के अनुरूप

भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं पर प्रकाश डालते हुए यादव ने कहा कि देश के 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान' 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को टिकाऊ तरीके से हासिल करने के उसके दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक सहयोग की रूपरेखा तैयार करते समय जलवायु और जनसांख्यिकीय बदलावों तथा तकनीकी प्रगति को ध्यान में रखा जाना चाहिए। 'संवाद, सहमति और कार्रवाई' संबंधी सीओपी31 के ध्येयवाक्य पर जोर देते हुए यादव ने कहा कि सम्मेलन की सफलता का आकलन ठोस क्रियान्वयन, जरूरतमंदों तक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्रभावी सिद्ध हो चुके समाधानों को व्यापक स्तर पर लागू करने के आधार पर किया जाना चाहिए।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की पहल

NCR में ईंधनों की समीक्षा के लिए समिति गठित

एजेंसी | नई दिल्ली

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के इलाकों में स्वीकृत ईंधनों की मानक सूची की समीक्षा करने के लिए बुधवार को 15 सदस्यीय विशेषज्ञ उप-समिति का गठन किया। आयोग ने एक आदेश में कहा कि औद्योगिक, वाहनों से जुड़ी, व्यावसायिक, घरेलू और अन्य गतिविधियों में विभिन्न प्रकार के ईंधनों के इस्तेमाल से होने वाला उत्सर्जन वायु प्रदूषण का कारण बनता है और इसका असर आसपास की हवा की गुणवत्ता पर पड़ता है। इसमें कहा गया है कि हवा की गुणवत्ता में लगातार सुधार की जरूरत और गत कुछ वर्षों के घटनाक्रम व उत्सर्जन को और कम करने की बनी संभावनाओं के मद्देनजर मान्यता प्राप्त ईंधनों की मौजूदा सूची की समीक्षा की जरूरत है। सीएक्यूएम ने कहा कि स्वच्छ ईंधनों की ओर क्रमिक बदलाव उत्सर्जन के स्रोत पर ही उसे नियंत्रित करना, वायु प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और उसे कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। आयोग ने रेखांकित किया कि एनसीआर की भौगोलिक सीमाओं के बाहर मौजूद उत्सर्जन स्रोतों के योगदान को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

खेल हलचल

टेनिस खिलाड़ी सौम्या चौधरी ने की अशोक गहलोत से मुलाकात

जयपुर। जयपुर की उभरती टेनिस खिलाड़ी सौम्या चौधरी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान गहलोत ने सौम्या की खेल उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और मेहनत व समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सौम्या के पिता राहुल चौधरी, माता सुनीता चौधरी और अंतरराष्ट्रीय टेनिस कोच सुमित गुप्ता भी मौजूद रहे। 12 वर्षीय सौम्या ने हाल ही में श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित एटीएफ अंडर-14 प्रतियोगिता में बालिका एकल वर्ग का रजत पदक जीता। इससे पहले वह थाईलैंड में अंतरराष्ट्रीय अंडर-14 युगल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी हैं। वहीं, अगस्त 2026 में जयपुर में आयोजित एआईटीए ऑल इंडिया रैंकिंग चैंपियनशिप में ट्रिपल क्राउन अपने नाम किया था। सौम्या कोच सुमित गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं।

कोटा कप में जगत पोलो और टीम जयपुर का जीत से आगाज

जयपुर। जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत बुधवार को कोटा कप (4 गोल) टूर्नामेंट का आगाज हुआ। पहले दिन दो मुकाबले खेले गए, जिनमें



टीम जगत पोलो और टीम जयपुर ने जीत दर्ज की। पीपीसी ग्राउंड पर खेले गए पहले मुकाबले में टीम जगत पोलो ने टीम आरपीसी को 10-3.5 गोल से हराया। विजेता टीम की ओर से विशाल सिंह राठौड़ ने सर्वाधिक छह गोल किए। फेडे बौउडू ने तीन और वीरम देव सिंह कृष्णावत ने एक गोल किया। वहीं, आरपीसी की ओर से मुकेश सिंह ने दो और योगेश्वर सिंह ने एक गोल किया। दूसरे मुकाबले में टीम जयपुर ने टीम रामबाग को 8-4.5 गोल से शिकस्त दी। जयपुर की ओर से पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह गोल किए, जबकि कुलदीप सिंह राठौड़ ने दो गोल दागे। रामबाग की ओर से जुआन जोस अल्बर्डी ने तीन और मिर्जा मोहम्मद बेग ने एक गोल किया। दोनों मुकाबलों में विपक्षी टीमों को आधे गोल का शुरुआती एडवांटेज मिला था।

असावा संयुक्त चौथे स्थान पर

डिगबोई। रामबाग गोल्फ क्लब के प्रखर असावा ने 26वें इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर के बाद संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने बुधवार को लगातार दूसरे दिन तीन अंडर पार 69 का कार्ड खेला। इसके साथ ही उनका दो दौर का कुल स्कोर 138 (छह अंडर पार) हो गया। वह शीर्ष पर चल रहे ओम प्रकाश चौहान (135) से तीन शॉट पीछे हैं। प्रखर ने दूसरे दौर में एक ईगल और तीन बर्डी लगाईं, जबकि तीन बोगी भी कीं। पहले दौर में भी उन्होंने सात बर्डी के दम पर 69 का स्कोर बनाया था। इस प्रदर्शन से उन्होंने लीडरबोर्ड पर चार स्थान की छलांग लगाई। आयोजन 17 से 20 नवंबर तक डिगबोई गोल्फ लिंक्स में किया जा रहा है।

बुमराह की वापसी से भारत को उम्मीद, न्यूजीलैंड से तड़के 3.30 बजे से होगा मुकाबला

वेलिंगटन में 58 साल से जीत का इंतजार

एजेंसी | वेलिंगटन

भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड दौरे के आखिरी और सबसे चुनौतीपूर्ण चरण में पहुंच गई है। पहला मुकाबला बुधवार को वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जाएगा। यहां भारतीय टीम पिछले 58 साल से टेस्ट जीत का इंतजार कर रही है। इस मुकाबले में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी एक साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। भारत ने इस मैदान पर अब तक आठ टेस्ट खेले हैं, जिनमें केवल एक में जीत मिली है, जबकि दो मुकाबले ड्रॉ और पांच में हार मिली। भारत ने यहां आखिरी जीत 1968 में मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी में आठ विकेट से दर्ज की थी। इसके बाद खेले गए सात टेस्ट में टीम जीत हासिल नहीं कर सकी। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने 2009 में न्यूजीलैंड में आखिरी बार टेस्ट श्रृंखला जीती थी। इसके बाद धोनी और विराट कोहली की कप्तानी में टीम को यहां हार का सामना करना पड़ा।



कुल मैच 65
भारत जीता 22
न्यूजीलैंड जीता 16
मैच ड्रा 27

जसप्रीत बुमराह

सिराज के चयन पर मोर्कल ने साधी चुप्पी

भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मोहम्मद सिराज के चयन से जुड़े सवाल को टाल दिया। उन्होंने कहा कि अंतिम एकादश का फैसला कप्तान शुभमन गिल करेंगे। मोर्कल ने सिराज को विश्वस्तरीय गेंदबाज बताते हुए कहा कि उन्होंने टेस्ट मैच के लिए नेट पर कड़ी मेहनत की है। भारतीय टीम के पास विपक्षी टीम के 20 विकेट लेने के लिए पर्याप्त विकल्प हैं। उन्होंने गेंदबाजों को बाहरी बातों पर ध्यान देने के बजाय सही लेंथ पर गेंदबाजी करने की सलाह दी। मोर्कल ने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भारत अंक गंवाने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने निचले क्रम के बल्लेबाजों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे: लैथम



न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने कहा कि भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम तीन तेज गेंदबाज और एक गेंदबाजी ऑलराउंडर के साथ मैदान पर उतरेगी। पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर लैथम ने कहा कि टीम का पूरा ध्यान मैच जीतने पर है, न कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका पर। उन्होंने तेज गेंदबाज मैट हेनरी के फिट होकर वापसी करने पर खुशी जताई। लैथम के अनुसार, हेनरी और काइल जैमीसन टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देंगे। न्यूजीलैंड छह टेस्ट में चार जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जबकि भारत चौथे स्थान पर है।

ICC रैंकिंग में अर्शदीप की लंबी छलांग

दुबई। अर्शदीप सिंह ने आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में शानदार छलांग लगाई है।



बुधवार को जारी रैंकिंग में अर्शदीप गेंदबाजों की सूची में 12 स्थान ऊपर चढ़कर अक्षर पटेल के साथ संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर पहुंच गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में उनके प्रदर्शन का फायदा मिला। वहीं, कुलदीप यादव आठ स्थान फिसलकर 15वें स्थान पर आ गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं, जबकि विराट कोहली तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। रोहित शर्मा एक स्थान खिसककर पांचवें पायदान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के टॉम बेंटन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में 121 रन की पारी खेलकर वह 13वें स्थान पर पहुंच गए।

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी: चंडीगढ़ को सात विकेट से हराया

राजस्थान ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत

बेधड़क | जयपुर

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार तीसरी जीत दर्ज की। बुधवार को मुंबई में राजस्थान ने चंडीगढ़ को सात विकेट से हराया।

चंडीगढ़ ने सात विकेट पर 193 रन बनाए। मनन वोहरा ने 59, शिवम भांबरी ने 47 और अर्जुन आजाद ने 38 रन बनाए। मानव सुथार और हिमांशु राणा ने दो-दो विकेट लिए, जबकि दीपक चाहर, हिमांशु नेहरा और राहुल चाहर को एक-एक सफलता मिली। जवाब में राजस्थान ने 194 रन का लक्ष्य 17.5 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। अभिजीत तोमर ने 42 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। कार्तिक शर्मा 17 गेंदों पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। महिपाल लोमरोड़ ने 29 और रोहन राजभर ने 27 रन का योगदान दिया।



अभिजीत तोमर



कार्तिक शर्मा

राजस्थान अंडर-23

राजस्थान टीम को पंजाब के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान के 183 रन के जवाब में पंजाब ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब की ओर से जीवनजोत सिंह ने 83 और राहुल कुमार ने नाबाद 47 रन बनाए।

मारवाड़ वॉरियर्स बनी चैंपियन



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान वेटरन्स क्रिकेट संघ की ओर से फ्यूचर क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित राजस्थान वेटरन्स टी-20 जोनल चैंपियनशिप का खिताब मारवाड़ वॉरियर्स ने जीत लिया। फाइनल में टीम ने टीएम जोनी की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत पिंक सिटी डायनामोज को चार विकेट से हराया। पिंक सिटी डायनामोज ने जावेद मंसूरी के 82 की मदद से तीन विकेट पर 207 रन बनाए। जवाब में मारवाड़ वॉरियर्स ने टीएम जोनी के नाबाद 100 रन (47 गेंद) की बदौलत 17.5 ओवर में छह विकेट पर 213 रन बनाकर खिताब अपने नाम किया। हनुत सिंह भाटी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, अंकित स्टीफन सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और दीपक शर्मा सर्वश्रेष्ठ फील्डर रहे।

जरूरी खबर

सोने का आयात 40 अरब डॉलर रहने का अनुमान

नई दिल्ली। भारत का सोने का आयात चालू वित्त वर्ष 2026-27 में घटकर 35 से 40 अरब डॉलर रह सकता है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यह अनुमान जताया। उन्होंने कहा कि मई में आयात शुल्क बढ़ाए जाने से सोने की आवक में कमी आई है और व्यापार घाटे को नियंत्रित करने में मदद मिली है। सरकार ने मई में सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2025-26 में 71.98 अरब डॉलर का सोना आयात हुआ था। वहीं, अप्रैल-अक्टूबर 2026 के दौरान आयात करीब 40 प्रतिशत घटकर 24.78 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 41.24 अरब डॉलर था।

टाटा स्टील गैस से बनाएगी हाइड्रोजन

जमशेदपुर। टाटा स्टील ओडिशा के कलिंगनगर संयंत्र में उत्पादन के दौरान निकलने वाली गैस से हाइड्रोजन बनाएगी। कंपनी ने अमेरिकी यूटिलिटी ग्लोबल से साझेदारी की है। प्रस्तावित संयंत्र की क्षमता प्रतिदिन 10 टन होगी। इसमें कंपनी की एच2जेन तकनीक इस्तेमाल की जाएगी। दोनों कंपनियां परियोजना का इंजीनियरिंग एवं डिजाइन अध्ययन करेंगी। इसके बाद टाटा स्टील का निदेशक मंडल निवेश पर फैसला लेगा। कंपनी के उपाध्यक्ष सुबोध पांडेय ने कहा कि यह तकनीक मौजूदा बुनियादी ढांचे से कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद करेगी। यह पहल कंपनी के 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य का हिस्सा है।

नौ माह में चांदी 57.4% व सोना 26.4% टूटा, चांदी 1.50 लाख तक आने की उम्मीद

सोना-चांदी अब आम आदमी की पहुंच में, सावों में खरीदारी की उम्मीद जगी

बेधड़क | जयपुर

शादियों के सीजन में सोने-चांदी की आसमान छूती कीमतों से परेशान लोगों के लिए अब राहत की खबर है। रिकॉर्ड तेजी के बाद दोनों कीमती धातुओं के भाव लगातार लुढ़क रहे हैं। कभी 4 लाख रुपए किलो तक पहुंची चांदी अब 1,70,500 रुपए पर आ गई है। वहीं शुद्ध सोना 1.84 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम का स्तर छूने वाला सोना घटकर 1,35,500 रुपए रह गया है। नौ महीने में चांदी करीब 57.4 प्रतिशत और सोना 26.4 प्रतिशत सस्ता हो चुका है। बाजार में चांदी के भाव जल्द 1.50 लाख रुपए प्रति किलो तक आने की उम्मीद जताई जा रही है। सोने में भी आगे गिरावट की आस है। कीमतों में इस बड़ी गिरावट से शादी-विवाह के सावों में खरीदारी की तैयारी कर रहे परिवारों ने राहत की सांस ली है। अब तक महंगे भाव के चलते गहनों की खरीद टाल रहे लोग फिर सर्राफा बाजार का रुख कर सकते हैं। खासकर बेटियों की शादी के लिए सोना-चांदी खरीदने वाले परिवारों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बजट के भीतर खरीदारी संभव होगी।



बुधवार को भी जारी रही गिरावट

जयपुर सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी के अनुसार बुधवार को चांदी के भाव एक दिन में 4,500 रुपए गिरकर 1,70,500 रुपए और सोना भी 3,000 रुपए गिरकर 1,35,500 रुपए पर रहा। लगातार टूटते भाव से बाजार में हलचल है। जहां आम ग्राहकों के लिए यह राहत का मौका बन रहा है, वहीं ऊंचे भाव पर खरीदारी करने वाले निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

रिकॉर्ड भाव से अब तक की गिरावट

- **चांदी:** 4 लाख से घटकर 1,70,500 रुपए प्रति किलो। कमी 2,29,500 रुपए यानी करीब 57.4 प्रतिशत।
- **सोना:** 1.84 लाख से घटकर 1,35,500 रुपए प्रति 10 ग्राम। कमी 48,500 रुपए यानी करीब 26.4 प्रतिशत।
- **एक दिन में गिरावट:** चांदी 4,500 और सोना 3,000 रुपए।

तेजी के बाद ऐसे बदली बाजार की चाल

फरवरी में सोना 1.56 लाख और चांदी 2.62 लाख रुपए पर थी। मार्च में दोनों बढ़कर क्रमशः 1.71 लाख और 2.98 लाख रुपए तक पहुंच गए। अप्रैल-मई में कुछ नरमी आई। जून में सोना 1,59,700 और चांदी 2,70,300 रुपए रही। जुलाई में गिरावट के बाद अगस्त-सितंबर में फिर तेजी आई। सितंबर में सोना 1,58,500 और चांदी 2,42,500 रुपए तक पहुंची। अक्टूबर से गिरावट ने जोर पकड़ा और नवंबर में भाव और नीचे आ गए।

दीपावली के बाद भी जारी रही गिरावट

दीपावली के बाद भी सोने-चांदी की कीमतों में नरमी का सिलसिला थमा नहीं। महज 10 दिनों में चांदी के भाव प्रति किलो करीब 20 हजार रुपए और सोने के भाव प्रति 10 ग्राम करीब 10 हजार रुपए नीचे आ गए। लगातार गिरती कीमतों से शादी-विवाह के सावों में खरीदारी करने वाले परिवारों को बड़ी राहत मिली है। महंगे भाव के कारण गहनों की खरीद टाल रहे ग्राहकों को अब सोना-चांदी बजट में आने की उम्मीद जगी है।

चीनी बाजार में 34% हिस्सेदारी

एनवीडिया ने चीन को एआई चिप की आपूर्ति रोकी

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिकी कंपनी एनवीडिया ने चीन को शक्तिशाली एआई चिप की आपूर्ति रोक दी है। अंतरिम सीईओ कोलेट क्रेस ने तिमाही नतीजों में इसकी जानकारी दी। 2026 की पहली छमाही में चीन के एआई चिप बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत थी, जो 2025 में 55 प्रतिशत थी। कंपनी ने 25 अक्टूबर को समाप्त तिमाही में चीन को 2.4 अरब डॉलर



के चिप बेचे थे। आपूर्ति रुकने से अलीबाबा, टेनसेंट और बाइटडांस सहित चीनी कंपनियों के एआई प्रोजेक्ट प्रभावित हो सकते हैं। करीब छह लाख एच200 चिप हांगकांग में अटके हैं।

वर्ष 2027 तक रेपो रेट में 0.75% बढ़ोतरी का अनुमान

एजेंसी | नई दिल्ली

गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 2027 की दूसरी तिमाही तक रेपो रेट में 75 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी कर सकता है। इससे नीतिगत दर 6.25 प्रतिशत हो सकती है। दिसंबर में 25 और 2027 की पहली छमाही में 50 बेसिस प्वाइंट वृद्धि का अनुमान है। इसकी वजह बढ़ती महंगाई है। अक्टूबर में खुदरा महंगाई 6.1 प्रतिशत रही, जो आरबीआई की संतोषजनक सीमा से अधिक है। खाद्य कीमतों, अल नीनो और उत्पादन लागत से दबाव बना रह सकता है। दरें बढ़ने से आर्थिक विकास धीमा पड़ सकता है। वास्तविक जीडीपी वृद्धि 2026 के 7.9 प्रतिशत से घटकर 2027 में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

शेयर बाजार में मुनाफावसूली

दो दिन बाद बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 500 अंक टूटा

■ निफ्टी 25,228 पर बंद, निवेशकों को करीब पांच लाख करोड़ रुपए का नुकसान

एजेंसी | मुंबई

वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों और ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के दबाव में घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 500.38 अंक यानी 0.61 प्रतिशत टूटकर 82,031.81 अंक पर आ गया। निफ्टी भी 159.45 अंक यानी 0.63 प्रतिशत गिरकर 25,227.95 अंक पर बंद हुआ। गिरावट से निवेशकों की करीब पांच लाख करोड़ रुपए की पूंजी घट गई।

सबसे ज्यादा गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन 4.82 %, टीसीएस 2.49%, बजाज फाइनेंस और इटर्नल 2.45-2.45 % तथा इंडिगो 1.97 % टूटे। एसबीआई, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और पावर ग्रिड बढ़त के साथ बंद हुए।

फेड की सख्ती से दबाव

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की सख्त टिप्पणियों से ब्याज दरें बढ़ने की आशंका मजबूत हुई। डॉलर में मजबूती और वैश्विक जिंस कीमतों में कमजोरी से बाजार प्रभावित हुआ। घरेलू स्तर पर ऊंचे बॉन्ड प्रतिफल ने भी शेयरों के मूल्यांकन पर दबाव बनाया। हालिया तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की।



वैश्विक बाजारों का मिला-जुला रुख

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं का सूचकांक 3.14 प्रतिशत और धातु सूचकांक 2.15 प्रतिशत गिरा। मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 4,195.38 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे थे। ब्रेंट क्रूड 1.26 प्रतिशत गिरकर 91.97 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख रहा, जबकि अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

शेयर बाजार का समय बढ़ाना सेबी की प्राथमिकता नहीं

मुंबई। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि शेयर बाजार में कारोबार का समय बढ़ाना फिलहाल नियामक की प्राथमिकता नहीं है। उन्होंने साइबर सुरक्षा, नकदी की उपलब्धता और निवेशकों की दिनचर्या को प्रमुख चुनौती बताया। समय बढ़ने से साइबर जोखिम बढ़ सकते हैं। रातभर शेयरों के भाव बदलने से निवेशकों को परेशानी हो सकती है। मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा के नियमों की समीक्षा पर अभी फैसला नहीं हुआ है। सेबी कॉरपोरेट बॉन्ड में टोकन आधारित व्यवस्था और वितरित बही-खाता तकनीक की संभावनाएं भी परख रहा है।

खम्मा घणी जयपुर फिल्म फेस्टिवल: दूसरे दिन संवादात्मक सत्र में यूथ से रूबरू हुए अभिनेता अजीत सिंह पालावत

दबाव न लें! आपके पास जो है उसका आनंद लें, फिर आगे बढ़ें

बेधड़क | जयपुर

तीन दिवसीय युवा-केंद्रित फिल्म महोत्सव खम्मा घणी जयपुर फिल्म फेस्टिवल के चौथे संस्करण में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व छात्र और राष्ट्रीय व मेटा पुरस्कार विजेता अभिनेता अजीत सिंह पालावत ने युवाओं को संबोधित किया।

'दृश्यम', 'लुका छुपी', 'सेक्टर 36' और 'अरण्यक' जैसी फिल्मों और सीरीज में भूमिकाओं से पहचाने जाने वाले पलावत ने 'ब्रेकिंग आउट, स्टैंडिंग आउटः मेकिंग योर मार्क ऐज एन एक्टर' विषयक संवादात्मक सत्र के दौरान युवाओं से कहा कि दबाव न लें! अभी आपके पास जो है उसका आनंद लें और फिर आगे बढ़ें।



संवादात्मक सत्र में चर्चा करते अभिनेता अजीत सिंह पालावत।



व्यावहारिक कहानी लेखन कार्यशाला में भाग लेते स्टूडेंट्स।

सिनेमा और दैनिक जीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका पर दर्शकों के सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल करें, लेकिन एआई द्वारा इस्तेमाल न हों। महोत्सव के दूसरे दिन छात्र और पेशेवर लघु फिल्मों की श्रेणियों में कुल नौ फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। केजेएफएफ यूनिवर्स के तहत बनाई गई छात्र लघु फिल्मों में 'मेरा जीवन कैसा हो?' (बाल भवन, जयपुर), 'प्रेशर' (सेंट जेवियर्स स्कूल, जयपुर), 'माय प्रोजेक्ट-जयपुर' (महाराजा सवाई भवानी सिंह स्कूल), 'जो जैसा बोएगा वो वैसा काटेगा' (सेंट पॉल स्कूल) और 'ओवरथिंकिंग' (राजस्थान विश्वविद्यालय) की स्क्रीनिंग हुई। जबकि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय लघु फिल्मों में क्रमशः 'व्हाइट केक' (जयपुर), 'मिनिएचर लाइफ' (अमेरिका), 'बर्निंग इन द गार्डन' (अमेरिका) और 'द अमेरिकन बुल' (ईरान) की स्क्रीनिंग हुई।

व्यावहारिक कहानी लेखन कार्यशाला

मोइनी फाउंडेशन की ओर से व्यावहारिक कहानी-लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 104 स्कूली छात्रों ने भाग लिया। आठ-आठ छात्रों के समूहों में विभाजित प्रत्येक प्रतिभागी को मौलिक कहानी लिखने के लिए 4 दृश्य संकेत (पिक्चर प्रॉम्प्ट्स) दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप 104 अनूठी कहानियां तैयार हुईं। इसके बाद 'ओटी' मिल्क प्रोडक्ट्स के सह-संस्थापक अंकुश जमदग्नि के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने छात्रों से उनके जुनून को आगे बढ़ाने, भविष्य की योजना बनाने और एआई के वन-क्लिक सुविधा वाले दौर में उचित पोषण व शारीरिक गतिविधियों को प्राथमिकता देने पर चर्चा की।

City इवेंट्स

150 सफल ऑर्थोपेडिक सर्जरी पूरी



बेधड़क. जयपुर। गीतांजली हॉस्पिटल, जयपुर के ऑर्थोपेडिक्स विभाग ने 150 सफल ऑर्थोपेडिक सर्जरी पूरी कर उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि उन मरीजों के लिए नई उम्मीद और खुशियों का प्रतीक है, जिन्होंने हड्डियों व जोड़ों से जुड़ी समस्याओं और लंबे समय से चले आ रहे दर्द के कारण चलने-फिरने में कठिनाइयों का सामना किया। सर्जरी से मरीजों को गतिशीलता, दर्द से राहत और आत्मविश्वास के साथ दोबारा सक्रिय जीवन की ओर बढ़ने का अवसर मिला है। उपलब्धि को मरीजों के साथ साझा करने के लिए गीतांजली हॉस्पिटल में सेमिनार आयोजित की गई। इस अवसर पर जोड़ प्रत्यारोपण के बाद स्वस्थ जीवन की ओर लौटे मरीजों ने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह वे पहले दर्द व चलने-फिरने में होने वाली परेशानियों का सामना कर रहे थे और जोड़ प्रत्यारोपण के बाद अब खुशहाल व आत्मविश्वास से भरपूर जीवन जी रहे हैं। सेमिनार में केक कटिंग के साथ कुछ मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें मरीजों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन मरीजों के संघर्ष, उनकी रिकवरी और दोबारा अपने पैरों पर चलने की खुशी को समर्पित रहा। इस उपलब्धि में ऑर्थोपेडिक्स विभाग की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम का योगदान रहा है। विभाग का नेतृत्व डॉ. रमेश चंद्र बंशीवाल, एचओडी व प्रोफेसर कर रहे हैं। उनके साथ डॉ. अंशु शर्मा, प्रोफेसर, डॉ. दिव्यांश शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. राहुल लांबा, असिस्टेंट प्रोफेसर व डॉ. प्रांजल जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं देने में भूमिका निभा रहे हैं।

प्रो. जाट अधिष्ठाता छात्र कल्याण नियुक्त



बेधड़क. जयपुर। प्रो. रामेश्वर जाट, आचार्य, अर्थशास्त्र को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण पद पर नियुक्त किया गया। प्रो. जाट की अधिष्ठाता छात्र कल्याण के पद पर नियुक्ति प्रो. प्रवीण शर्मा के स्थान पर एक वर्ष या अग्रिम आदेश, जो पहले हो, तक के लिए रहेगी। गौरतलब है कि प्रो. जाट को विश्वविद्यालय प्रशासन का लंबा अनुभव है। इससे पहले वे विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, वार्डन आंबेडकर छात्रावास, प्रॉक्टर और चीफ प्रॉक्टर ऑफिस आदि में सेवाएं दे चुके हैं।

मुरली के सुरों पर सजेगी कथक की संध्या



बेधड़क. जयपुर। नित्यम रश्मि उप्पल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स की ओर से 20 नवंबर को शाम 6:30 बजे जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में 'मुरली बजत अखंड' कथक नृत्य संध्या आयोजित होगी। संस्थापक रश्मि उप्पल के अनुसार सूरदास, कबीर, बुल्ले शाह और मौलाना हसरत मोहानी की रचनाओं पर प्रस्तुतियों की तैयारी की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ रश्मि उप्पल की कथक प्रस्तुति से होगा। शिष्य कलाकार कृष्ण कवित्त और ठुमरी प्रस्तुत करेंगे। डिंपल मंघनानी पंचम सवारी ताल में एकल कथक और सलोनी टंडन भावाभिनय प्रस्तुत करेंगी। तबले पर मोहित चौहान, गायन व संगीत निर्देशन में रमेश मेवाल, पखावाज पर ऐश्वर्य आर्य और बांसुरी पर संदीप सोनी संगत करेंगे।

एयू जयपुर मैराथन और जयपुर रनर्स क्लब की ओर से 'हैप्पी बर्थडे जयपुर रन-299' का आयोजन

जयपुर के जन्मदिन पर आधी रात को दौड़े धावक, सुबह केक काटकर मनाया जश्न

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के 299वें स्थापना दिवस पर करीब 100 धावकों ने दौड़कर अपने शहर का जन्मदिन मनाया। एयू जयपुर मैराथन और जयपुर रनर्स क्लब की ओर से 'हैप्पी बर्थडे जयपुर रन-299' का आयोजन किया गया। 'वन सिटी, वन रन और वन सेलिब्रेशन' थीम पर आयोजित इस दौड़ में धावकों ने शहर के विभिन्न स्थानों से जुड़कर भाग लिया। इनमें जयपुर रनर्स क्लब के उपाध्यक्ष एवं आयकर विभाग में अपर आयुक्त सुशील कुलहरी सहित 11 धावकों ने 42.2 किलोमीटर की पूरी फुल मैराथन पूरी की। दौड़ का समापन वर्ल्ड ट्रेड पार्क के सामने केक काटकर जयपुर का जन्मदिन मनाने के साथ हुआ। इस आयोजन का खास आकर्षण सुशील कुलहरी की लगातार सातवें वर्ष जन्मदिन पर फुल मैराथन दौड़ने की उपलब्धि रही। वे वर्ष 2020 से हर साल 18 नवंबर को जयपुर की सड़कों पर 42.2 किलोमीटर की मैराथन दौड़ रहे हैं। अब तक 93 लंबी दूरी की दौड़ प्रतियोगिताएं पूरी कर चुके कुलहरी की यह 94वीं लंबी दूरी की दौड़ और 17वीं फुल मैराथन रही। उनके साथ करीब 10 अन्य धावकों ने भी पूरी दूरी तय की। उनके बेटे कपिल (युबी) ने हर वर्ष की तरह पूरी मैराथन के दौरान साइकिल चलाकर उनका साथ निभाया। पत्नी डॉ. सीमा कुलहरी ने भी दौड़ में भाग लिया।



जयपुर के स्थापना दिवस पर बर्थ डे केक काटते जयपुराइट्स।



'हैप्पी बर्थडे जयपुर रन-299' में दौड़ते धावक।

हनुमान नगर एक्सटेंशन के भोमियाजी पार्क से हुआ आगाज

दौड़ की शुरुआत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 2:40 बजे हनुमान नगर एक्सटेंशन स्थित भोमियाजी पार्क के पास से हुई। धावक चांदपोल, छोटी चौपड़, गोविंद देवजी मंदिर, हवामहल, मोती डूंगरी गणेश मंदिर, पत्रिका गेट सहित जयपुर के प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से गुजरते हुए वर्ल्ड ट्रेड पार्क पहुंचे। इस दौरान धावक अपनी क्षमता और सुविधा के अनुसार अलग-अलग स्थानों से जुड़ते गए और विभिन्न दूरियां तय कीं। गौरतलब है कि जयपुर रनर्स क्लब की ओर से प्रतिवर्ष वर्ल्ड ट्रेड पार्क पर जयपुर का जन्मदिन मनाने की परंपरा है। क्लब के सह-संस्थापक एवं कार्यक्रम संयोजक मुकेश मिश्रा ने आयोजन की सफलता पर आभार जताया। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य जयपुर के स्थापना दिवस को फिटनेस, सामुदायिक सहभागिता और शहर की ऐतिहासिक विरासत के प्रति सम्मान के साथ मनाना था। क्लब उपाध्यक्ष सुशील कुलहरी ने कहा कि इस बार बड़ी संख्या में साथी धावकों का अलग-अलग स्थानों से जुड़ना और सभी के साथ मिलकर जयपुर का जन्मदिन मनाना विशेष अनुभव रहा।

'हेरिटेज वॉक' में शहर की जीवंत विरासत से रूबरू हुए जयपुराइट्स



'हेरिटेज वॉक' के दौरान विरासत देखते जयपुराइट्स।

बेधड़क | जयपुर

जयपुर के 299वें स्थापना दिवस पर बुधवार को जयपुर विरासत फाउंडेशन (JVF) की ओर से परकोटा क्षेत्र में एक विशेष 'हेरिटेज वॉक' का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के क्यूरेटर एवं शोधार्थी नीरज चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस वॉक में इतिहासकारों, प्रशासनिक अधिकारियों, विरासत प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य शहर की समृद्ध स्थापत्य, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहरों को नए दृष्टिकोण से समझना था। ऐतिहासिक जेम सिनेमा (1964) से शुरू हुई इस वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने परकोटे के सात दरवाजों, नौ चौकड़ियों, पुरानी हवेलियों, किंग एडवर्ड मेमोरियल, लगभग 150 वर्ष पुराने मेयो अस्पताल, टाउन हॉल, राजपूताना के पहले हाई स्कूल माने जाने वाले महाराजा हाई स्कूल, रामप्रकाश थिएटर और हवेली शैली के मंदिरों का भ्रमण किया। इस दौरान नीरज चौहान ने महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय द्वारा जयपुर की स्थापना, विशिष्ट नगर नियोजन, राजपूत-मुगल स्थापत्य शैली, 36 कारखानों और पारंपरिक कला-शिल्प से जुड़े रोचक ऐतिहासिक प्रसंग साझा किए।



नवाचार | सूचना व जनसंपर्क विभाग और JNU के बीच हुआ समझौता

मीडिया स्टूडेंट्स समझेंगे संचार व जनसंपर्क की कार्यप्रणाली

बेधड़क | जयपुर

भावी मीडिया पेशेवरों के कौशल विकास और व्यावहारिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में पहल करते हुए राजस्थान सरकार के सूचना व जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर) ने जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। राजस्थान शासन सचिवालय, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता हुआ। विभाग की ओर से सूचना व जनसंपर्क आयुक्त व संयुक्त शासन सचिव राकेश शर्मा, आईएएस ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पहल का उद्देश्य मीडिया के क्षेत्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव देना व उन्हें सरकारी संचार व जनसंपर्क की कार्यप्रणाली से परिचित कराना है। समझौते के तहत सूचना व जनसंपर्क विभाग विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, शैक्षणिक भ्रमण, विशेषज्ञों के साथ संवाद और व्यावसायिक मार्गदर्शन के अवसर उपलब्ध कराएगा। विद्यार्थियों को विभाग की प्रकाशन गतिविधियों, डिजिटल संचार, सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता अभियानों तथा जनसंपर्क की विभिन्न कार्यप्रणालियों को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर राकेश शर्मा ने कहा कि विभाग के अनुभवी अधिकारियों व संचार विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को जनसंपर्क और सरकारी संचार की कार्यप्रणाली समझने में मदद मिलेगी। समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के दौरान स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज के प्रतिनिधियों व विद्यार्थियों ने आयुक्त शर्मा को जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों की तैयार की गई पुस्तक 'कल्चरल ओडिसी ऑफ राजस्थान' भेंट की। शर्मा ने पुस्तक की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की रचनात्मकता, शोध व दस्तावेजीकरण क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज की व्यावहारिक व नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति की भी सराहना की तथा विद्यार्थियों के व्यावसायिक विकास के लिए विभाग की ओर से निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में सूचना व जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने मीडिया के क्षेत्र में कुशल व जिम्मेदार पेशेवर तैयार करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी विभागों के बीच सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।



जनसंपर्क आयुक्त व संयुक्त शासन सचिव राकेश शर्मा को 'कल्चरल ओडिसी ऑफ राजस्थान' पुस्तक भेंट करते स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज के प्रतिनिधि व स्टूडेंट्स।



खुशबू और कुमकुम का किया सम्मान



बेधड़क. जयपुर। कराटे की प्रतिभाशाली खिलाड़ी खुशबू और कुमकुम शेखावत का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लोक जनशक्ति पार्टी के सिरसी रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने दोनों बेटियों का सम्मान कर उन्हें आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खुशबू और कुमकुम ने कम उम्र में ही कराटे खेल में प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किए। दोनों ने परिश्रम और लगन से कम उम्र में ब्लैक बेल्ट प्राप्त की। इस अवसर पर प्रहलाद सिंह ने कहा कि खुशबू और कुमकुम जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी उपलब्धियां बताती हैं कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और सही मार्गदर्शन से बेटियां किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं। समाज को इन प्रतिभाशाली बच्चियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रत्येक माता-पिता को अपनी बेटियों को आत्मरक्षा के उद्देश्य से मार्शल आर्ट और कराटे का प्रशिक्षण दिलाना चाहिए। भविष्य में भी खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे।

सिटी पार्क में 52वां जयपुर रोज शो 13-14 फरवरी को, पवन अरोड़ा ने ली तैयारी बैठक

वैलेंटाइन डे पर रंग-बिरंगे गुलाबों की खुशबू से महक उठेगी गुलाबी नगरी

बेधड़क | जयपुर

वैलेंटाइन डे पर गुलाबों की खुशबू और रंगों से महकेगी गुलाबी नगरी। जयपुर रोज सोसाइटी की ओर से 13-14 फरवरी को सिटी पार्क में 52वें जयपुर रोज शो-2027 का आयोजन किया जाएगा। शो में गुलाबों की विभिन्न प्रजातियों व रंग-बिरंगी किस्मों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही क्विज, पेंटिंग एवं रोज फोटोग्राफी प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर सोसाइटी के अध्यक्ष पवन अरोड़ा (सेवानिवृत्त आईएएस) की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रोज फोटोग्राफी प्रतियोगिता 1 से 8 फरवरी तक होगी। प्रतिभागी गुलाब के फूलों की स्वयं खींची गई तस्वीरें एसबी एप पर अपलोड कर सकेंगे। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 14 फरवरी को की जाएगी तथा चयनित तस्वीरों को फोटोग्राफी प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाएगा।



जयपुर रोज शो-2027 की तैयारियों को लेकर बैठक लेते जयपुर रोज सोसाइटी के अध्यक्ष पवन अरोड़ा।



जयपुर रोज शो-2027 के ब्रोशर का विमोचन करते पवन अरोड़ा। साथ में हैं बाएं से यशबाला सेठ, भोजराज सिंह राजावत, राजकुमार वैद, एके भार्गव, आरसी जैन, मुकेश अग्रवाल और करीना।

दो दिन में ये होंगे आयोजन

कार्यक्रम के तहत 13 फरवरी को क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि 14 फरवरी को रोज फोटोग्राफी प्रदर्शनी व विजेताओं की घोषणा की जाएगी। दोनों दिन सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजन का आकर्षण रहेंगी। गौरतलब है कि शो का उद्देश्य आमजन में पुष्प-संस्कृति व बागवानी के प्रति रुचि बढ़ाना तथा गुलाबों की विविधता से लोगों को परिचित कराना है। वैलेंटाइन डे पर आयोजन शहरवासियों के लिए प्रकृति, खूबसूरती और उत्सव का अनूठा अनुभव होगा। गौरतलब है कि जयपुर रोज सोसाइटी के चेयरमैन राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास हैं तथा सोसाइटी के अध्यक्ष पवन अरोड़ा (सेवानिवृत्त आईएएस) हैं। बैठक में आर.एस. जैन, भोजराज सिंह राजावत, करीना शर्मा, राजकुमार बैद, यश बाला सेठ व एम.एल. गोयल उपस्थित रहे।

दर्शनीय स्थलों के चित्र और मॉडल बनाए



बेधड़क. जयपुर। प्राचीन सांस्कृतिक केंद्र श्रीगैटेश्वर कला संस्थान की ओर से जयपुर का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। संस्था के मंत्री ओपी चान्डक ने बताया कि इस बार संस्था की ओर से पूरे साल जयपुर के विभिन्न पारंपरिक सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर गैटोर की छतरियों स्थित जयपुर के संस्थापक सवाई जयसिंह स्मारक को डेकोरेट किया गया और पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। इस मौके पर वर्ल्ड हेरिटेज जयपुर शहर के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं के बनाए गए गुलाबी नगर जयपुर के दर्शनीय स्थलों के चित्रों और मॉडल्स को कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित किया गया तथा उत्कृष्ट कृतियों के लिए जुनेद, अर्पित, शिवम और हर्ष सैनी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ इतिहासकारों तथा जयपुर की विरासत व संस्कृति के विशेषज्ञ महेश शर्मा की ओर से जयपुर के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही तमाशा कलाकार दिलीप भट्ट ने जयपुर की रोचक किस्सागोई कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। संस्था सदस्यों व उपस्थित लोगों ने विश्व प्रसिद्ध जयपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाए रखने का सामूहिक रूप से संकल्प लिया। समारोह में विशिष्ट अतिथि सांसद जयपुर मंजु शर्मा, पार्षद सतीश शर्मा, पूर्व महापौर ज्योति खण्डेलवाल, जयपुर के चित्रकार रामू रामदेव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी राधेश्याम गौतम, आशीष भट्ट, विजय लुहाड़िय, रत्नाकर पंड्या, पीके शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, नन्द किशोर, अनिल वशिष्ठ, हनी व्यास, धीरज चोइथानी आदि का सहयोग रहा।

'यूथ@ 2047' पर विचार रखेंगे विशेषज्ञ

बेधड़क. जयपुर। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के यंग इंडियंस (वाईआई) जयपुर चैप्टर की ओर से गुरुवार को होटल आईटीसी राजपूताना में एनुअल डे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर 'यूथ@ 2047: शेपिंग राजस्थान'ज फ्यूचर टुगेदर' विषय पर सेशन आयोजित होगा, जिसमें राजस्थान के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भूमिका, उनके विचारों और संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में राजस्थान के युवा उद्यमी, पेशेवर और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सत्र को संबोधित करने वाले वक्ताओं में सीआईआई राजस्थान चेयरमैन व न्यूरोइक्विलिब्रियम डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश भंडारी, सीआईआई राजस्थान वाइस चेयरमैन व सिक्योर मीटर्स लिमिटेड के ग्रुप सीईओ सुकेत सिंघल, सीआईआई राजस्थान के सीनियर डायरेक्टर व हेड नितिन गुप्ता शामिल होंगे। यंग इंडियंस जयपुर चैप्टर चेयर व कैपिटल एजेंसीज के पार्टनर राहुल कलानी और यंग इंडियंस जयपुर चैप्टर के को-चेयर व डॉ. बी. लाल क्लिनिकल लेबोरेटरी के डायरेक्टर संकल्प गुप्ता भी वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे।

City इवेंट्स

16 जोड़ों का विवाह कराएगी श्री राजपूत सभा



बेधड़क. जयपुर। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और विवाह समारोहों में टीका-दहेज, दिखावे व अनावश्यक खर्च जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने की पहल के तहत श्री राजपूत सभा की ओर से 20 नवंबर को करौली में अष्टम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें 16 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर 17 नवंबर को जयपुर स्थित सभा भवन में सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें व्यवस्थाओं की समीक्षा कर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए। सम्मेलन श्री राजपूत सभा, जयपुर एवं जिला इकाई करौली की ओर से राजकीय महाविद्यालय के पीछे, वीणा मेमोरियल शिक्षा संकुल के पास आयोजित होगा। महामंत्री धीर सिंह शेखावत ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने समाजबंधुओं और भामाशाहों से कन्यादान सहित आयोजन में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के तहत सुबह 10:30 बजे बारात का स्वागत, शुभ मुहूर्त में पाणिग्रहण संस्कार, दोपहर 2 से 4 बजे तक आशीर्वाद समारोह और शाम 4 बजे विदाई समारोह होगा। बैठक में ग्राम लोटवाड़ा के नवनिर्वाचित सरपंच एवं कार्यकारिणी सदस्य लोकेन्द्र सिंह लोटवाड़ा का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। सभाध्यक्ष ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए ग्राम विकास और जनहित में भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। बैठक में प्रताप सिंह राणावत, पृथ्वी सिंह कालीपहाड़ी, अजय वीर सिंह जीरोता, मूल सिंह शेखावत और डॉ. सुमन कंवर बाबरा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बदलती तकनीक व शिक्षा पर मंथन



बेधड़क. जयपुर। कानोड़िया पी.जी. गर्ल्स कॉलेज, जयपुर के अभिव्यक्ति क्लब के तहत हिंदी व अंग्रेजी में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में तकनीकी विकास के साथ शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की अपेक्षाएं बदल रही हैं। इसी संदर्भ में युवाओं के विचारों को अभिव्यक्ति का मंच देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'बदलती तकनीक, बदलती शिक्षा: शिक्षक और शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों की अपेक्षाएं' विषय पर प्रतियोगिता में छात्राओं ने विचार प्रस्तुत किए। छात्राओं ने कहा कि तकनीकी युग में असीमित सूचनाओं के जाल में उलझते विद्यार्थियों को सच्चे मार्गदर्शक की आवश्यकता है। तकनीक दुनिया से जोड़ सकती है, लेकिन जड़ों और मूल्यों से जोड़ने में शिक्षक की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सरला शर्मा व अभिव्यक्ति क्लब की अंग्रेजी संयोजक डॉ. स्वाति धनवानी निर्णायक रहीं। उन्होंने छात्राओं को विषय से संबंधित सुझाव दिए। क्लब की हिंदी संयोजक डॉ. धर्मा यादव ने छात्राओं की सहभागिता के लिए आभार जताया। वहीं, क्लब सदस्य डॉ. स्वाति चौधरी ने छात्राओं को क्लब की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। द्विभाषी प्रतियोगिता में अभिव्यक्ति कौशल के लिए सवालिया सुल्ताना, काव्या चौधरी, कनिष्का सोनी, याशिका लालवानी, एकता कुमावत व श्रेया माथुर को पुरस्कृत किया गया।

जेडीएफ में बोलीं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी

विरासत को नुकसान पहुंचाने वाले बदलावों के खिलाफ आवाज उठाएं



बेधड़क | जयपुर

जयपुर की ऐतिहासिक विरासत, स्थापत्य कला और मूल पहचान को संरक्षित रखना केवल सरकार नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। शहर के हितों को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि या बदलाव के खिलाफ नागरिकों को आवाज उठानी चाहिए। यह बात उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने जयपुर डिजाइन फेस्टिवल (जेडीएफ) के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। समारोह में पद्मनाभ सिंह और गौरवी कुमारी विशेष अतिथि रहे। दीया कुमारी ने प्रदर्शनी और डिजाइनर्स व शिल्पकारों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नागरिकों की भागीदारी से जनआंदोलन खड़ा करना होगा। इस दौरान सवाई पद्मनाभ सिंह और गौरवी कुमारी ने एग्जिबिटर्स व जेडीएफ टीम के साथ समय बिताया। फेस्टिवल के अंतिम दिन 'डिजाइन इंडस्ट्री व एंटरप्राइज' और 'द फ्यूचर ऑफ डिजाइन' विषयों पर फोरम आयोजित हुए।



इस्मत चुगताई की दो चर्चित कहानियों की रोचक प्रस्तुति

दास्तानगोई से जयपुराइट्स को समझाईं रिश्तों की बारीकियां



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में प्रसिद्ध लेखक और दास्तानगो सुनील मेहरा की ओर से 'घरवाली और मुगल बच्चा' की विशेष दास्तानगोई प्रस्तुति दी गई। मुख्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी और हिंदुस्तानी भाषा के माध्यम से इस्मत चुगताई की दो चर्चित कहानियों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शक रोमांचित हो उठे। प्रस्तुति की पहली कहानी 'घरवाली' में लाजो के किरदार के माध्यम से महिलाओं की स्वतंत्रता, प्रेम, इच्छाओं और समाज की ओर से तय की गई मान्यताओं को चुनौती देने के विषय को सामने रखा गया। वहीं, दूसरी कहानी 'मुगल बच्चा' में गोरी बेगम और काले मियां के वैवाहिक जीवन के जरिए अहंकार, असुरक्षा और जिद के कारण रिश्तों में आने वाली जटिलताओं को दर्शाया गया। सुनील मेहरा ने वाचन शैली, संवाद अदायगी और किस्सागोई के अंदाज से दोनों कहानियों को जीवंत बनाया। उनकी प्रस्तुति में हास्य, व्यंग्य, भावनात्मक उतार-चढ़ाव और सामाजिक सरोकारों का सुंदर मेल देखने को मिला। गौरतलब है कि सुनील मेहरा कला, राजनीति और संस्कृति के जाने-माने टिप्पणीकार रहे हैं। उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया, आउटलुक और इंडिया टुडे जैसे मीडिया संस्थानों में वरिष्ठ संपादकीय पदों पर कार्य किया है। इसके अलावा वे टेलीविजन निर्माता, एंकर, कला क्यूरेटर और अभिनेता के रूप में भी पहचान रखते हैं। दास्तानगो के रूप में उन्होंने भारत के विभिन्न शहरों के साथ-साथ लंदन, दुबई और अबू धाबी में भी प्रस्तुतियां दी हैं।

वार्षिकोत्सव माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने बांधा समां

'शिवोहम' की भव्य प्रस्तुतियों में दिखी शिव की महिमा

बेधड़क | जयपुर

माहेश्वरी समाज की ओर से संचालित माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर का वार्षिकोत्सव 'शिवोहम' गरिमामय वातावरण में आदर्श विद्या मंदिर, अंबाबाड़ी में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन व विशिष्ट अतिथि महामंत्री, अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज एवं युवा उद्यमी राजकुमार काल्या रहे। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष उमेश सोनी, महासचिव (शिक्षा) कमल सोमानी, मानद सचिव आशीष जाखोटिया सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। 'शिवोहम' थीम के तहत छात्राओं ने नृत्य-नाटिकाओं, नाट्य दृश्यों, ऑर्केस्ट्रा व विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भगवान शिव के आदर्शों तथा सेवा, त्याग, समर्पण और आत्मबोध के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मानद सचिव आशीष जाखोटिया ने छात्राओं के प्रदर्शन और विद्यालय की शैक्षणिक, सहशैक्षणिक व खेलकूद संबंधी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि एजुकेशन वर्ल्ड पत्रिका की इंडिया स्कूल रैंकिंग्स-2026 में विद्यालय ने गर्ल्स डे स्कूल श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 16वां, राजस्थान में दूसरा तथा जयपुर में दूसरा स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या सारिका गौड़ ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।



अरुण कुमार, कमल मालू, राजकुमार सोमानी, उमेश सोनी, आईएएस नवीन जैन, आशीष जाखोटिया, सीए रोहित माहेश्वरी और दामोदर फलोड़।



उमेश सोनी, अरुण कुमार मालू, आईएएस नवीन जैन, आशीष जाखोटिया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

न्यूज बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, गुरुवार, 19 नवंबर, 2026



आप जितना सोचते हैं, उससे अधिक बहादुर, मजबूत और समझदार हैं।
पवन अरोड़ा, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

बिजली उत्पादन में सरकार ने बनाया नया रिकॉर्ड... सौर ऊर्जा में सात गुना इजाफा

भजनलाल सरकार के प्रयासों से तीन साल में चार गुना बढ़ी बिजली उत्पादन क्षमता

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बिजली उत्पादन से लेकर प्रसारण और वितरण नेटवर्क के विस्तार तक कई स्तरों पर काम हुआ है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2023 से अक्टूबर 2026 के बीच प्रदेश की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में 11,699 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गई है। यह पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के शुरुआती तीन वर्षों (दिसंबर 2018 से अक्टूबर 2021) में हुई 2,969 मेगावाट की वृद्धि से चार गुना अधिक है। इसी अवधि में सौर ऊर्जा क्षमता में भी करीब सात गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। सरकार का दावा है कि उत्पादन और बुनियादी ढांचे में इस विस्तार से कृषि, घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलेगी।



सौर ऊर्जा में भी बड़ी छलांग

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सितंबर 2026 तक 28,302 मेगावाट क्षमता बढ़ाई गई है। इसके मुकाबले पूर्ववर्ती सरकार के शुरुआती तीन वर्षों में यह वृद्धि 3,984 मेगावाट रही थी। पीएम-कुसुम योजना के तहत भी क्षमता विस्तार हुआ है। कुसुम घटक-ए में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 1,779 मेगावाट क्षमता स्थापित की गई, जबकि पिछली सरकार के दौरान यह आंकड़ा 9.5 मेगावाट था। वहीं, कुसुम घटक-सी में पहले क्षमता शून्य थी, जो वर्तमान सरकार के कार्यकाल में बढ़कर 3,758 मेगावाट हो गई है। इससे कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा आधारित बिजली व्यवस्था के विस्तार को गति मिली है।

ट्रांसफार्मर क्षमता में भी बढ़ोतरी

बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ट्रांसफार्मर क्षमता के आवर्धन पर भी काम हुआ है। सितंबर 2026 तक ट्रांसफार्मर क्षमता में 4,902 एमवीए की वृद्धि हुई, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के शुरुआती तीन वर्षों में यह 2,813 एमवीए थी। अतिरिक्त उच्च वोल्टेज ट्रांसफार्मर क्षमता में वर्तमान सरकार के दौरान 12,619 एमवीए की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि पिछली सरकार के समय यह वृद्धि 4,734 एमवीए रही थी।

64 नए ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित

प्रसारण और वितरण नेटवर्क के विस्तार के तहत प्रदेश में 400, 220 और 132 केवी क्षमता के 64 नए ग्रिड सब-स्टेशन स्थापित किए गए हैं। पूर्ववर्ती सरकार के शुरुआती तीन वर्षों में इनकी संख्या 27 थी। इसी तरह 33 केवी के 542 नए सब-स्टेशन बनाए गए, जबकि पिछली सरकार के कार्यकाल में यह संख्या 486 रही थी। सरकार का फोकस उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ बिजली को अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाने के नेटवर्क को मजबूत करने पर भी है।

बेधड़क FIRST

सरपंची की कुर्सी छोटी पड़ी, अब विधायक बनने का चढ़ा बुखार

राजनीति में प्रमोशन की ऐसी जल्दबाजी आपने शायद ही देखी होगी। अभी सरपंची मिली है, गांव की जीत का जश्न भी पूरा नहीं हुआ और विधानसभा पहुंचने का सपना परवान चढ़ने लगा। मामला है आरएलपी के दानाराम घिंटाला का, जिन्होंने दुसरना पांडशीकजी में 287 वोटों से सरपंची का चुनाव जीता है। बादनूं में स्वागत के दौरान समर्थक सरपंच की नेम प्लेट लेकर पहुंचे, लेकिन नेताजी की नजर तो विधायक वाली नेम प्लेट पर थी। समर्थकों के बीच ऐलान कर दिया कि 2028 में MLA वाली नेम प्लेट चाहिए। बोले सरपंच एक बार बनूंगा, अब विधायक बनवाने की तैयारी करो यानी पंचायत का अनुभव लेकर अब विधानसभा की चौखट नापने की तैयारी है। सरपंची मिली, विधायक की डिमांड पहले ही रख दी। सरपंची का कार्यकाल शुरू भी नहीं हुआ और विधानसभा का टिकट मांग लिया। हालांकि जनता का सवाल भी लाजिमी है, पहले गांव का हिसाब दो, फिर विधानसभा का ख्वाब देखना। प्रमोशन की इतनी जल्दी कि अभी सरपंची की परीक्षा बाकी है। भाषण के दौरान ऊपर बिजली के तार देखकर समर्थक ने भी चेताया। अब सवाल है कि सरपंची की सीढ़ी चढ़ते ही विधायक का बोर्ड चाहिए, कहीं जल्दबाजी में करंट न लग जाए।



कुर्सियों का गणित शुरू, कांग्रेस ने प्रत्याशियों को बाड़े में संभाला

पंचायती राज के चुनाव में जनता ने अपना फैसला ईवीएम में दर्ज कर दिया, लेकिन कांग्रेस की नजर अब नतीजों से आगे कुर्सियों के गणित पर टिक गई है। जिला प्रमुख की कुर्सी पर पहले नजर और फिर प्रधान बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। नतीजों से पहले ही कांग्रेस ने प्रत्याशियों को एकजुट रखने की कवायद तेज कर दी है। पीसीसी ने जिला प्रभारियों को साफ टास्क सौंपा है कि आज या कल अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में पहुंचें और जिला परिषद प्रत्याशियों को नतीजों तक एक साथ रखें यानी जिला परिषद प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी कांग्रेस का पहला सियासी सुरक्षा कवच बन गई है। उधर, पंचायत समिति स्तर पर भी विधायकों और विधायक प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ गई है। कई जगह विधायक और प्रत्याशी अपने स्तर पर ही बाड़ेबंदी संभाल रहे हैं। कांग्रेस ने नतीजों के बाद जीते हुए प्रत्याशियों के लिए भी अलग बाड़ेबंदी प्लान तैयार करने की रणनीति बनाई है। कुल मिलाकर जनता ने वोट डाल दिए, अब कांग्रेस को वोटों की रखवाली की चिंता है। जिला प्रमुख और प्रधान की कुर्सी के लिए अभी से सियासी पहरेदारी शुरू हो गई है। मकसद साफ है जीत का गणित बिगड़े नहीं और सत्ता की चाबी हाथ से फिसले नहीं।

बाड़ाबंदी या वाटर पार्क? रिसॉर्ट में प्रत्याशियों का सियासी 'पूल डांस'

चुनावी नतीजों से पहले प्रत्याशियों की बाड़ाबंदी तो आपने खूब देखी होगी, लेकिन इस बार बाड़ाबंदी के साथ मनोरंजन का इंतजाम भी चर्चा में है। पुष्कर के एक रिसॉर्ट से भाजपा की महिला प्रत्याशियों का स्विमिंग पूल वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में धोद पंचायत समिति की प्रत्याशी पानी में अठखेलियां करती और डांस करती नजर आ रही हैं। पूल में मस्ती का माहौल है, किनारे दर्शक मौजूद हैं और दूसरी तरफ चुनावी पहरेदारी भी जारी है। अब पार्टी इसे प्रशिक्षण शिविर बता रही है, लेकिन वीडियो देखकर लोग सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर ये बाड़ाबंदी है या वाटर पार्क? क्रॉस वोटिंग रोकने और प्रत्याशियों को एकजुट रखने के लिए रिसॉर्ट में ठहराया गया है। पुरुष प्रत्याशियों की बाड़ाबंदी पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं, लेकिन अब महिला प्रत्याशियों का यह वीडियो भी चर्चा का विषय बन गया है। 20 नवंबर को चुनावी नतीजे आने हैं, तब तक रिसॉर्ट में सियासी निगरानी जारी रहेगी यानी वोटों की रखवाली के बीच स्विमिंग पूल में मौज-मस्ती का वायरल नजारा भी सामने आ गया। बाड़ाबंदी का नया मॉडल वोट सुरक्षित और मूड भी तरोताजा।

पंचायत चुनाव में जनता की झाड़ू, पुराने सरपंचों का सूपड़ा साफ

पंचायत चुनाव के नतीजों ने कई पुराने सरपंचों को ऐसा झटका दिया कि पांच साल की सियासी जमापूंजी भी काम नहीं आई। कहीं परिसीमन की मार पड़ी तो कहीं जनता ने पांच साल का हिसाब वोटों से बराबर कर दिया। कुर्सी बचाने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरे कई पूर्व सरपंचों को मतदाताओं ने रास्ता दिखा दिया। जिन गांवों में कभी इनका दबदबा हुआ करता था, वहां इस बार नए चेहरों ने बाजी मार ली। कई जगह भ्रष्टाचार के आरोप, विकास कार्यों में कथित अनियमितताएं और मनमानी कार्यशैली हार की बड़ी वजह बनकर सामने आईं, हालांकि कुछ पुराने सरपंचों को परिसीमन के बदलाव ने भी चुनावी गणित से बाहर कर दिया। नतीजों के बाद सोशल मीडिया पर भी पुराने सरपंचों की हार खूब चर्चा में है। कहीं समर्थकों के दावे धरे रह गए तो कहीं जीत के पुराने रिकॉर्ड भी टूट गए। जनता ने साफ संदेश दे दिया कि सरपंची की कुर्सी कोई विरासत नहीं, जिसे हर बार आसानी से हासिल कर लिया जाए। पहली बार मौका मिल सकता है, लेकिन दूसरी बार जनता काम का हिसाब जरूर मांगती है। आखिरकार पंचायत चुनाव ने बता दिया कि सरपंची में सिर्फ कुर्सी नहीं, काम भी बोलता है।

'भारत-नेपाल की साझा विरासत से पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान'



बेधड़क | नई दिल्ली

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने नई दिल्ली में नेपाल दूतावास की ओर से आयोजित 'डेस्टिनेशन प्रमोशन प्रोग्राम' में भाग लिया। कार्यक्रम में नेपाल के संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री खड़क राज पौडेल, नेपाल के राजदूत डॉ. निश्चल नाथ पांडे सहित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सभ्यतागत संबंधों को पर्यटन सहयोग का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध साझा संस्कृति, आस्था और ऐतिहासिक विरासत के सूत्रों से जुड़े हैं। जनकपुर-अयोध्या से लेकर लुंबिनी, पशुपतिनाथ और काशी तक फैली सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक निकटता पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और नेपाल की मैत्री को और प्रगाढ़ बनाने के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, पर्यटन को बढ़ावा देने और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए भारत प्रतिबद्ध है।

सियोल में मुख्य सचिव ने दिया समावेशी विकास का मंत्र

समावेशी विकास के लिए सरकार और समाज मिलकर करें काम: श्रीनिवास

■ दक्षिण कोरिया और लेबनान के मंत्रियों सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों से की द्विपक्षीय मुलाकात

बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (IIAS) के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने कहा कि आर्थिक विकास तभी सार्थक है, जब उसका लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति विकास की प्रक्रिया से वंचित नहीं रहे। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि यह 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के अनुरूप होना चाहिए। श्रीनिवास बुधवार को दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित IIAS-2026 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को अध्यक्षीय संबोधन दे रहे थे।

सम्मेलन की थीम 'समाज के लिए विकासः सहयोगात्मक शासन, सामाजिक नवाचार और सामाजिक मूल्य' पर विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों के अनुरूप समाधान तैयार करने और सामाजिक मूल्य सृजित करने के लिए सरकार, उद्योग जगत, नागरिक समाज, शिक्षण संस्थानों और समुदायों को मिलकर काम करना होगा।



सियोल में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने दक्षिण कोरिया के गृह मंत्रालय के उपमंत्री किम मिन जे और IASIA की अध्यक्ष प्रो. डॉ. लीजेल ल्यूज सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की।

164 देशों की संस्थाओं का आकलन करेगा IIAS गवर्नेंस इंडेक्स

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि सम्मेलन में IIAS गवर्नेंस इंडेक्स लॉन्च किया जाएगा। इसके माध्यम से 50 प्रमुख मानकों के आधार पर 164 देशों के सार्वजनिक संस्थानों के प्रदर्शन का आकलन होगा। सम्मेलन में 14 विषयगत सत्रों के तहत 373 शोध पत्रों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक का उपयोग मानवता, शांति और जनकल्याण को केंद्र में रखकर किया जाना चाहिए। सम्मेलन के दौरान श्रीनिवास ने दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली के स्पीकर जियोंग-सिक चो और गृह एवं सुरक्षा मंत्री हो-जुंग यून से मुलाकात की।

जयपुर में जुटेंगे 30 हजार लोग

सरकार के तीन साल पूरे होने पर होंगे भव्य आयोजन

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रदेशभर में बड़े स्तर पर आयोजनों की तैयारी की जा रही है। जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में मुख्य समारोह आयोजित होगा, जिसमें करीब 30 हजार लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है। जिला मुख्यालयों पर 2-2 हजार और ब्लॉक मुख्यालयों पर 500-500 प्रतिभागियों को जोड़ने की योजना है। जिलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य समारोह से जोड़ा जाएगा। इस दौरान विभिन्न नीतियों का विमोचन, विकास परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण और सरकार के तीन साल की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका जारी होगी। जनसभा का भी आयोजन प्रस्तावित है। तीन साल पूरे होने के आयोजनों के तहत खेलो राजस्थान अभियान शुरू करने की भी तैयारी है। युवाओं से जुड़े नवाचार कॉन्क्लेव के साथ इसकी शुरुआत होगी। ग्राम, नगर, जिला और राज्य स्तर पर 45 से 60 दिन तक खेल प्रतियोगिताएं होंगी।

कॉन्क्लेव और राजस्थान @2047 नमो विजन

आरआईसी में नवाचार कॉन्क्लेव प्रस्तावित है। इसमें 700 से 1000 प्रतिभागी शामिल होंगे। आई-स्टार्ट के जरिए युवाओं के नए विचारों, स्टार्टअप, तकनीक और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। वहीं, जेईसीसी में राजस्थान @2047 नमो विजन के तहत राज्य स्तरीय राजस्थान पवेलियन का उद्घाटन होगा। 15 दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन 20 हजार और कुल करीब 3 लाख लोगों की भागीदारी का लक्ष्य है।

NRR चैप्टर्स के साथ होगा विशेष संवाद

बेधड़क | जयपुर

प्रवासी राजस्थानी दिवस के तहत 10 दिसंबर को मुख्यमंत्री कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रवासी राजस्थानियों और एनआरआर चैप्टर्स के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसमें करीब 200 से 300 प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है। कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानियों के साथ प्रदेश के विकास, निवेश की संभावनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर चर्चा होगी। भारत सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय की ओर से एफटीएएस सत्र में सहभागिता भी प्रस्तावित है। राजस्थान फाउंडेशन के प्रवासी चैप्टर्स के साथ संवाद और समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा।

लोकसभा अध्यक्ष ने वडनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विद्यालय बीएन हाई स्कूल का किया दौरा

मोदी का जन्मस्थान वडनगर प्रेरणा का केंद्र: बिरला

बेधड़क | वडनगर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को गुजरात के वडनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विद्यालय बीएन हाई स्कूल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जीवन यात्रा को देखते हुए उनका जन्मस्थान वडनगर एक प्रेरणास्थल है। यहां से यह सीख मिलती है कि परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि लक्ष्य निर्धारित हो तो उसे हासिल किया जा सकता है। विद्यालय का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन आर्थिक तंगी और पारिवारिक चुनौतियों के बावजूद सफलता हासिल करने का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उन्हें विद्यालय के साथ प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को करीब से देखने का अवसर मिला।



स्वामी विवेकानंद से ली सेवा की प्रेरणा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। कम उम्र में घर छोड़ने के बाद उन्होंने विभिन्न राज्यों में लोगों के बीच रहकर सेवा कार्य किए। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत है कि एक छोटे से स्थान और सामान्य परिस्थितियों से निकलकर कोई व्यक्ति देश के प्रधानमंत्री पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता और सेवा की भावना ने प्रधानमंत्री को इस मुकाम तक पहुंचाया है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 25 वर्ष तक देश और प्रदेश की सेवा करना बड़ी उपलब्धि है। यह यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायक है। बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने जीवन में जिन कठिनाइयों का सामना किया, उन्हीं अनुभवों के आधार पर वे आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं।



विश्व शांति महायज्ञ में लिया भाग

लोकसभा अध्यक्ष ने वडनगर स्थित ऐतिहासिक श्री हाटकेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित 10 दिवसीय विश्व शांति महायज्ञ में भी भाग लिया। यह महायज्ञ 11 नवंबर को शुरू हुआ और 20 नवंबर को संपन्न होगा। इसका आयोजन कांची कामकोटि पीठाधिपति जगद्गुरु श्री शंकर विजयेंद्र सरस्वती के दिव्य मार्गदर्शन और सान्निध्य में किया जा रहा है। वैश्विक शांति, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस महायज्ञ में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। इसमें देशभर से 144 वैदिक विद्वान और श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

बाड़ेबंदी में सियासी ड्राइविंग, नेता बने बसों के ड्राइवर

पंचायत चुनाव के नतीजों से पहले बीजेपी की बाड़ेबंदी में अब सियासी ड्राइविंग का नया नजारा देखने को मिल रहा है। झुंझुनूं में देव दर्शन यात्रा के नाम पर प्रत्याशियों को एकजुट रखने की कवायद जारी है, लेकिन इस बीच नेताओं का अनोखा अंदाज सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। अब पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी का बस चलाते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। इससे पहले नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल भी बस का स्टेयरिंग संभाल चुके हैं। पूर्व सांसद संतोष अहलावत भी ड्राइवर बनकर अपना अंदाज दिखा चुकी हैं। खास बात ये है कि बस में प्रत्याशी और उनके परिजन सवार हैं, जबकि नेता खुद ड्राइविंग सीट पर बैठकर सफर के सारथी बने हुए हैं। उदयपुरवाटी और गुढ़ागौड़जी के प्रत्याशियों को लेकर देव दर्शन यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के बहाने धार्मिक दर्शन भी और प्रत्याशियों पर सियासी निगरानी भी। अब चर्चा इस बात की है कि बाड़ेबंदी में सिर्फ प्रत्याशियों की पहरेदारी नहीं हो रही बल्कि नेताओं की ड्राइविंग स्किल्स भी सामने आ रही हैं। कुल मिलाकर बाड़ेबंदी ऐसी कि नेता भी ड्राइवर बन गए, सियासत में नया सफर शुरू।

■ संकलनः शीतल जैन

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
प्रधान संपादक: पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।